जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 123, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 30 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मन की बात: एक यूनिकॉर्न, यानी, कम-से-कम साढ़े सात हजार करोड़ रूपए का स्टार्टअप

## स्टार्टअप में छा गया भारत: मोदी







**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में लोगों से चर्चा कर रहे हैं। यह इस रेडियो प्रोग्राम का 89वां एडिशन है। इस एडिशन में पीएम मोदी स्टार्टअप के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने देश के स्टार्टअप सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि- 'आप लोग क्रिकेट के मैदान पर टीम इंडिया के किसी बल्लेबाज की सेंचुरी सुन कर खुश होते होंगे, लेकिन, भारत ने एक और मैदान में सेंचुरी लगाई है और वो बहुत विशेष है। उन्होंने कहा- 'इस महीने 5 तारीख को देश में यूनिकॉर्न की संख्या 100 के आंकड़े तक पहुंच गई है और आपको तो पता ही है, एक यूनिकॉर्न, यानी, कम-से-कम साढ़े सात हजार करोड़ रूपए का स्टार्टअप। आपको यह जानकर भी हैरानी होगी, कि, हमारे कुल यूनिकॉर्न में से 44, पिछले साल बने थे` इतना ही नहीं, इस वर्ष के 3-4 महीने में ही 14 और नए यूनिकॉर्न बन गए।' उन्होंने आगे कहा- 'इन यूनिकॉर्न का कुल वैल्यूएशन 330 अरब डॉलर, यानी 25 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। इसका मतलब यह हुआ कि वैश्विक महामारी के इस दौर में भी हमारे स्टार्टअप, वेल्थ और वैल्य करते रहे हैं। एक और बात जिसे मैं अहम मानता हूं कि स्टार्टअप की दुनिया न्यू इंडिया को रिफलेक्ट कर रही है। यह छोटे-छोटे कस्बों से भी इंटरप्रिन्योर भी सामने आ रहे हैं। मुझे इस बात का गर्व है कि भारत में बहुत से मेंटर्स हैं जिन्होंने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने में खुद को समर्पित कर दिया है।

**तंजावुर के सेल्फ हेल्प ग्रुप की तारीफ की:** पीएम मोदी ने कहा- 'पिछले दिनों मुझे एक गजब की एक्टिविटी देखने को मिली। तंजावुर से एक डॉल मुझे भेजी गई। इसमें जीआई टैगिंग भी है। यह जितनी खूबसूरत होती हैं उतनी ही ये महिला सशक्तिकरण की गाथा भी लिख रही है।'उन्होंने कहा- 'इस पहल से 22 सेल्फ हेल्फ ग्रुप जुड़े हैं। जानकार अच्छा लगेगा कि ये स्टोर तंजावुर की प्राइम लोकेशन पर खोले गए हैं। ये खिलौने, मेट और आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाते हैं। आप भी यह पता लगाए कि आपके क्षेत्र में कौन से महिला सेल्फ हेल्फ ग्रुप काम कर रहे हैं। यही नहीं उनके बनाए प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करें।'

### योग दिवस की करें तैयारी: मोदी

**21 जून** को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि- 'विश्व के टॉप बिजनेस पर्सन से लेकर फिल्म से जुड़े लोग और युवा योग को अपना रहे हैं। दुनिया में योग की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर आपको अच्छा लगता होगा। इस समय योग दिवस को लेकर हंड्रेड डे काउंट डाउन भी चल रहा है। दिल्ली में सौवें दिन और पिचहत्तरवें दिन काउंटडाउन प्रयोजित किए गए हैं। मैं कहूंगा आप भी अपने यहां योग दिवस की तैयारियां शुरू कर दीजिए। लोगों को प्रेरित करें।'

जापान के लोकल आर्टिस्ट हिराशी कोइके की तारीफ: पीएम मोदी ने कहा- 'मैं कुछ दिन पहले जापान गया था। वहां मैं कुछ शख्सियतों से मिला। वे हैं तो जापान के लेकिन इनका इंडिया से लगाव है। हिराशी कोइके जाने माने आर्ट डायरेक्टर हैं। इन्होंने महाभारत को डायरेक्ट किया है। इसकी शुरूआत कंबोडिया में हुई थी। यह नौ साल से जारी है।' उन्होंने आगे कहा- 'वे हर साल एशिया के किसी देश की यात्रा करते हैं और वे लोकल आर्टिस्ट और प्रोड्यूसर के साथ महाभारत के अंश को प्रोड्यूस करते हैं। इसमें हर परफॉर्मर अपनी ही भाषा में बोलता है। म्यूजिक की डायवर्सिटी इसे और जीवंत बना देती है।'

## पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या

### मानसा में चली गोलियां; 2 साथी घायल, पंजाब सरकार ने घटाई थी सुरक्षा



**चंडीगढ़: मशहूर** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई है। उन पर मानसा के गांव जवाहरके में फायरिंग हुई। फायरिंग में मूसेवाला की जान चली गई और उनके 2 साथी जख्मी हुए हैं। पंजाब में सीएम भगवंत मान की अगुवाई वाली आप सरकार ने शनिवार को ही सिद्धू मूसेवाला की सिक्योरिटी घटाई थी। मूसेवाला के पास पहले करीब 8 से 10 गनमैन थे। मान सरकार ने उनके पास सिर्फ 2 ही गनमैन छोड़े थे। शुरूआती सूचना के अनुसार सिद्धू मूसेवाला साथियों के साथ गाड़ी से जा रहे थे। काले रंग की गाड़ी में सवार 2 हमलावरों ने उन पर फायरिंग की है।

## सुरक्षाबलों ने पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया

**कठुआ:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षाबलों ने सीमा पार कर आ रहे एक ड्रोन को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक घटना राजबाग थाना क्षेत्र के तल्ली हरिया चक गांव की है, जहां एक पाकिस्तानी ड्रोन भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाबलों ने इसे फायरिंग में मार गिराया और मौके पर पहुंचकर इसे कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने ड्रोन के साथ बांधे गए हथियार भी बरामद हुए हैं। ड्रोन से यूबीजीएल और 7 स्टिकी मैगनेटिक बम भी बरामद हुए हैं।

## जुलाई-अगस्त में फिर गहराएगा बिजली संकट!

### बिजली स्टेशनों के पास कोयले का स्टॉक लगातार हो रहा है कम



**नई दिल्ली:** भारत में एक बार फिर बिजली संकट गहरा सकता है। स्वतंत्र जांच संगठन सीआरईए ने इसकी संभावना जाहिर की है। इस संगठन के मुताबिक, जुलाई-अगस्त में एक बार फिर बिजली संकट गहरा सकता है। सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मुताबिक, देश के ताप विद्युत संयंत्रों में प्री-मानसून कोयला स्टाक में कमी के कारण देश में ये स्थिति आ सकती है। इस समय खदान निकास पावर स्टेशनों में कोयले का स्टाक 13.5 मिलियन टन है और देश के सभी बिजली संयंत्रों में 20.7 मीट्रिक टन कोयले का स्टॉक है।

**कोयले के परिवहन पर ध्यान देने की जरूरत:** सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के आंकड़ों के मुताबिक, कोयले से संचालित होने वाले बिजली संयंत्र, बिजली की मांग में मामूली वृद्धि को भी झेलने की स्थिति में नहीं हैं। सीआरईए के मुताबिक, भारत का बिजली संकट कोयला प्रबंधन के कारण पैदा हुआ संकट है। इस जांच संगठन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि बिजली संकट से बचने के लिए कोयले के परिवहन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके परिवहन के लिए योजना बनाने की जरूरत है। सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सीईए) ने भी अगस्त में 214 गीगावॉट बिजली की अधिकतम मांग की भविष्यवाणी की है। इसके अलावा, औसत ऊर्जा मांग भी मई के महीने की तुलना में बढ़कर 1,33,426 मिलियन यूनिट (एमयू) हो सकती है। वहीं, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने यह भी कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरूआत के बाद खदानों से बिजली स्टेशनों तक कोयले के खनन और परिवहन में और बाधा आएगी।

## कॉमन सिविल कोड बर्दाश्त नहीं: मदनी

### यदि हमारा खाना-पहनना पसंद नहीं तो कहीं और चले जाओ: मदनी



मौलाना अरशद मदनी | मौलाना महमूद मदनी | मौलाना नियाज अहमद फारूकी

**सहारनपुर:** देवबंद में जमीयत के अधिवेशन के तीसरे चरण में कई प्रस्ताव पेश किए गए, साथ ही कुछ अहम सुझाव दिए गए। अधिवेशन के दूसरे दिन मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि कितना कुछ सहने के बावजूद हम चुप हैं। यह हमारे सब्र का इम्तिहान है, कहा कि यदि हमारा खाना, पहनना नहीं पसंद तो हमारे साथ मत रहो, कहीं और चले जाओ। जमीयत उलमा-ए-हिंद के दो दिवसीय अधिवेशन में उलमा देश के मौजूदा हालात समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। बता दें कि अंतिम दिन आज कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगेगी, कई अहम निर्णय भी लिए जाएंगे।

**मदनी के बयान ने बढ़ाई गर्मी:** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अधिवेशन में अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि हमारा मजहब अलग है, हमारा लिबास अलग है, हमारे खाने-पीने, पहनने का तरीका भी अलग है। यदि तुमको हमारा मजहब बर्दाश्त नहीं है तो तुम कहीं ओर चले जाओ। मौलाना मदनी ने कहा कि वे जरा-जरा सी बात पर हमें कहते हैं कि पाकिस्तान चले जाओ। अरे तुम्हें मौका नहीं मिला था पाकिस्तान जाने का। हमें मौका मिला लेकिन हमने रिजेक्ट कर दिया था।

अधिवेशन में आज दूसरे दिन ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा शाही ईदगाह और कॉमन सिविल कोड को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए। जिसका अधिवेशन में मौजूद उलमा ने खुले दिल से समर्थन किया। कहा कि कॉमन सिविल कोड को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। जाहिर है अधिवेशन के मंच से अंतिम दिन मौलाना महमूद मदनी का बयान गर्मी के मौसम में और तपिश बढ़ाने वाला साबित होगा।

**सरकार जबरन लाई सिविल कोड तो करेंगे विरोध:** शाहजहांपुर के प्रोफेसर मौलाना नौमानी ने कॉमन सिविल कोड का प्रस्ताव रखते हुए इसके पीछे सरकार की मंशा को जाहिर करते हुए कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ को समाप्त करने के लिए सरकार इसको ला रही है।

### 4 भारतीयों समेत 22 पैसेंजर थे; पायलट के फोन से मिली लोकेशन

## नेपाल में विमान लापता: क्रैश होने की आशंका



**काठमांडू: नेपाल** की तारा एअर का 9NAET डबल इंजन एयरक्राफ्ट उड़ान भरने के बाद से लापता है। इसमें 3 क्रू मेंबर समेत 22 यात्री हैं। इनमें 4 भारतीय हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह छोटा एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरक्राफ्ट में सवार भारतीयों के नाम अशोक कुमार त्रिपाठी, धनुष त्रिपाठी, ऋतिका त्रिपाठी और वैभवी हैं। नेपाल में इंडियन एम्बेसी ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। ये है: 977- 9851107021 नेपाल आर्मी के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि प्लेन लाम्छी नदी के किनारे क्रैश हुआ है। यह मुस्तांग जिले के मानापती हिमाल क्षेत्र की नदी है। हमारे सैनिक वहां पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। मौसम बेहद खराब है। नेपाल एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक एयरक्राफ्ट ने पोखरा से जोमसोम के लिए रविवार सुबह 9:55 बजे उड़ान भरी थी। 10:20 बजे लैंड करना था, लेकिन 11 बजे के बाद भी इससे संपर्क नहीं हो पाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरक्राफ्ट 30 साल पुराना था।

## केरल में समय से पहले मानसून की एंट्री



**केरल:** मानसून 3 दिन पहले 29 मई को केरल में दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में मानसून केरल के बाकी इलाकों के साथ-साथ कर्नाटक और महाराष्ट्र की ओर भी बढ़ेगा। मौसम विभाग ने अपनी भविष्यवाणी में बताया कि दक्षिणपश्चिमी मॉनसून आज केरल पहुंच गया है। इससे पहले मानसून के पहुंचने की तरीख 1 जून बताई गई थी। आपको बता दें कि मॉनसून 16 मई को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह पहुंच गया था। इसके साथ ही कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने केरल में 29 मई से 01 जून तक भारी बारिश की संभावना जताई है।

### महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर 4% की राहत, 50 लाख की संपत्ति पर बचेंगे 2 लाख

## एमपी में प्रॉपर्टी खरीदना होगा सस्ता




**भोपाल:** मध्यप्रदेश में महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री में मिलने वाली 2% की छूट बढ़कर 4% होने जा रही है। हालांकि यह छूट नगर निगम में रजिस्ट्री कराने पर ही मिलेगी। इसके लिए सरकार नगर निगम सीमा शुल्क को 3% से घटाकर 1% करेगी। पंजीयन विभाग ने इसका ड्राफ्ट तैयार कर शासन को भेज दिया है। सरकार इसे अध्यादेश के जरिए लागू कर सकती है। यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो 50 लाख की प्रॉपर्टी खरीदने महिलाओं को स्टाम्प ड्यूटी में 2 लाख रुपए तक की बचत होगी। पंजीयन विभाग के सूत्रों ने बताया कि 2% की छूट से सरकार को सालाना 740 से 840 करोड़ रु. का घाटा होगा। अभी शहरी क्षेत्र की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पर पंजीयन विभाग 12.5% स्टाम्प ड्यूटी लेता है। गांव में ये ड्यूटी 9.5% है। साल 2020-21 के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं को प्रॉपर्टी में 2% रजिस्ट्रेशन शुल्क में छूट दी थी। तभी से महिलाओं के नाम प्रॉपर्टी खरीदने पर 10.5% की स्टाम्प ड्यूटी लग रही है। शहर की किसी एक लोकेशन पर 1 हजार वर्गफीट के प्लॉट का सरकारी गाइडलाइन का मूल्य 5 हजार रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से खरीदने पर प्रॉपर्टी की कुल कीमत 5000000 आएगी।

क्योंकि पुरुष के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर 12.5 फीसदी स्टांप ड्यूटी चुकाना पड़ रही है। इसलिए स्टांप ड्यूटी 625000 रुपए चुकाना पड़ रही थी। 26 अप्रैल 2021 को राज्य सरकार के नए दिशा निर्देश के बाद महिलाओं को के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्रेशन फीस में 2 फीसदी की छूट चालू की गई।

## सितंबर से हर माह चार वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई जाएगी हरी झंडी




**भुवनेश्वर:** केंद्रीय रेल मंत्री ने ऐलान किया कि आगामी सितंबर माह से हर माह चार वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत की जाएगी। नेशनल रेलवे अवार्ड समरोह के दौरान रेलमंत्री ने कहा, 'हम रेल को नई ऊंचाईयों पर ले जाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। सितंबर से हर माह 4-5 वंदे भारत ट्रेनों को शुरू किया जाएगा और बुलेट ट्रेनों का काम भी प्रगति पर है।'

**अगस्त तक दो और वंदे भारत ट्रेनों की होगी शुरूआत:** इससे पहले भारतीय रेलवे ने बताया था कि भारत में दो वंदे भारत ट्रेनें पहले से ही चल रही हैं। इनमें से एक नई दिल्ली से वाराणसी और दूसरी नई दिल्ली से वैष्णोदेवी कटरा को जाती हैं। अब इसे नई दिल्ली-चंडीगढ़ या नई दिल्ली-अमृतसर के रूट पर भी दौड़ाया जा सकता है। अगस्त तक दो और वंदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेनों के शुरूआत की उम्मीद है। इनका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में इसका निर्माण हो रहा है।

**2023 तक पटरी पर दौड़ेंगी 75 वंदे भारत ट्रेनें:** रेल मंत्री ने कहा, 'भारत के सभी क्षेत्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से जोड़ा जाएगा। यह हम सभी के लिए एक सपना सच होने के जैसा है।' उन्होंने आइसीएफ का दौरा किया और वंदे भारत एक्सप्रेस कोचों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे अगस्त 2023 तक 75 वंदे भारत रैक शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022-23 के केंद्रीय बजट में कहा था कि तीन साल में 400 नई ऊर्जा कुशल वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जाएंगी। रेल मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय रेलवे की बेहतरी के लिए हमारा ध्यान पूरी तरह से नई तकनीकों पर है। उन्होंने कहा कि सभी रेलवे स्टेशनों को फिर से विकसित किया जा रहा है।

## अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार



**नई दिल्ली:** अमेरिका और भारत के बीच 2021-22 में हुए द्विपक्षीय व्यापार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए दैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार अमेरिका अब भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। इस तरह भारत के साथ व्यापार के मामले में अमेरिका ने चीन को पीछे. छोड़ दिया है।

**अमेरिका और भारत का द्विपिक्षीय व्यापार बढ़कर 119.42 अरब डॉलर पर पहुंचा:** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में अमेरिका और भारत का द्विपिक्षीय व्यापार बढ़कर 119.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। 2020-21 में यह आंकड़ा 80.51 अरब डॉलर का था।

**आयात और निर्यात बढ़ा:** आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़कर 76.11 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 51.62 अरब डॉलर रहा था। वहीं इस दौरान अमेरिका से भारत का आयात बढ़कर 43.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## खबर संक्षेप

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सयुक्त संगोष्ठी आज

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 30 मई सोमवार को सभी पत्रकार संगठनों की एक सयुक्त संगोष्ठी श्री बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज मेजारोड मे पुर्वान्ह 11 बजे से आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए संगोष्ठी के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि संगोष्ठी का विषय "भारतीय पत्रकारिता, मिशन अथवा व्यवसाय" पर विचार व्यक्त करने वाले विद्वान, पत्रकार, कवि, लेखक व साहित्यकारों के सारगर्भित विचारो तथा अनुभवों से पत्रकारिता में प्रवेश करने वाले नवागत युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन मिल सकेगा।

### चार अभियुक्त का किया गया चालान

**प्रयागराज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने व अपराध एवम अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मांडा अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में चार अभियुक्त आकाश सोनकर पुत्र भुवर , अजय कुमार पुत्र पन्ना लाल , बृजेश कुमार पुत्र शंकरलाल , नौशाद खा पुत्र तुराब अली को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चालान।

# जहरीले सांप के काटने से पिता-पुत्र की मौत

## एक ही अर्थी पर उठी पिता पुत्र के शव

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के पुराने पुल के समीप फूल मंडी गांव में रविवार को सुबह 10 बजे एक ही अर्थी पर पिता पुत्र का शव उठने से वहां मौजूद सैकड़ों आंखें छलक उठीं। शनिवार की सुबह दोनों को सर्प ने डस लिया था। शव उठने से पहले तक उन्हें जिंदा करने के लिए झाड़ फूंक होता रहा , लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। नैनी थाना क्षेत्र के भट्ठा गांव निवासी बबलू भारतीय का पुत्र प्रकाश भारती शुक्रवार की रात बारात में शामिल होने गया था। वापस लौटने पर चार बजे सुबह-सुबह घर के समीप फूल की दुकान खोलने जा रहा था उसी समय का तीन साल का बेटा अनमोल ने बताया पापा मुझे सांप ने काट लिया। प्रकाश ने उसकी बात को अनसुना कर दिया और अपने काम में लग गया। उसी दौरान प्रकाश के भी हाथ में सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी होने पर तुरंत दोनों को तारागंज झाड़-फूंक के लिए ले गए वहां से कोई आराम न मिलने पर पिता को एसआरएन और बेटे को चिल्ड्रन हॉस्पिटल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बावजूद परिवार वाले दोनों को झाड़ फूंक के लिए बलिया ले गए। वहां से भी कोई आराम न मिलने पर रविवार की सुबह से लेकर घर वापस आ गए। रविवार को 10 बजे एक ही अर्थी पर दोनों का शव बांधकर उठाया गया। इसको देखकर वहां मौजूद सैकड़ों आंखें नम हो गई।



मृत पिता-पुत्र

### योगी सरकार के बजट से गरीबों में निराशा : शाहबाज हक

**करछना।** समाजवादी पार्टी इलाहाबाद के उभरते हुए तेज तर्रार युवा नेता शाहबाज हक ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया रखते हुए कहा कि योगी सरकार के बजट में बेरोजगारों व गरीबों को दूर रखा गया। जबकि योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कोई बजट नहीं रखा गया। जिससे नई व बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयां फिर से शुरू हो सके। गरीब परिवार महंगाई से मर रहा है युवा बेरोजगार रोजगार के लिए तरस रहा है। बजट पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए हक ने साफ किया कि आज के दौर में ग्रामीण गरीब युवाओं को दो जून की रोटी के लिए रोजगार चाहिए। इसके लिए जिले में औद्योगिक इकाइयों का होना आवश्यक है। तभी विकास की धारा में प्रदेश बह सकेगा बजट में न औद्योगिक इकाइयों के निर्माण के लिए बजट होना चाहिए। महिला सुरक्षा वह महिला उत्पीड़न इनके विकास और उत्थान पर भी बजट में स्थान नहीं दिया गया। सरकार भले ही कुंभ की तैयारियों के लिए 100 करोड़ बजट निर्धारित करें इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन रोजगार के अवसर खोलने चाहिए। अंत में शाहबाज हक ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने युवा बेरोजगारों के लिए मानदेय देने का काम अपने कार्यकाल में किया था। तथा भर्तियां निकाली गई थी व लाखों युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया था। योगी सरकार को सर्वप्रथम बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराना चाहिए। तभी देश व प्रदेश का विकास सही मायने में होगा।

## न्यूज झरोखा

### जीआरपी पुलिस की तत्परता से यात्री की जान बच गई



**करछना।** प्रयागराज नैनी छिवकी स्टेशन पर जीआरपी के हेड कांस्टेबल की तत्परता से एक यात्री की जान बच गई चलती ट्रेन से गिरें यात्री को प्लेट फार्म पर ट्रेन की चपेट में आने से हादसा होने से बच गया, हावड़ा से चलकर मुंबई की ओर जाने वाली 12321 हावड़ा मुंबई मेल के र-6 से गिरा यात्री जीआरपी स्टाफ की तत्परता के चलते बड़ी दुर्घटना से बचा यात्री।जीआरपी स्टाफ हेड कांस्टेबल रामू यादव एवं विजेंद्र कुमार यादव की तत्परता के चलते झारखंड गोमो निवासी सुरेश महतो की बची जान।यात्री का सामान जीआरपी छिवकी के तत्परता से शंकरगढ़ स्टेशन से किया गया रिकवर,जीआरपी जवानों को ट्रेन में सफर करने वाले एवं स्थानीय लोगों ने यात्री की जान बचाने वाले जवानों को शुभकामनाएं भी दी ।

### गैरसंरक्षा के 10 हजार पद समाप्त करने का होगा विरोध



**प्रयागराज।** इण्डियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री कामरेड मनोज पांडेय ने उत्तर मध्य रेलवे में गैरसंरक्षा के 10 हजार पद समाप्त करने के निर्णय का विरोध किया है। श्री पाण्डेय कॉमरेड ने सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने का झूठा वादा करने वाली जुमलेबाज सरकार रोज नए नए बहाने ढूढ़ कर रोजगार छीन रही है। जिसका विरोध उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डल में किया जाएगा। कामरेड मनोज ने कहा कि सरकार के निरंकुश होने में और एन सी आर से गैरसंरक्षा के 10 हजार पद समाप्त किये जाने के किये सरकार के साथ साथ दोनो मान्यताप्राप्त फेडरेशन और यूनियने भी है क्यों कि जब से मोदी सरकार बनी है दोनों संगठनों ने सरकार की हाँ में हाँ मिलाया है कर्मचारी हित मे कोई आन्दोलन नही किया है केवल वेतन से चन्दे की कटौती किया है।

### रिश्तों को फूलों की खुशबू से संजोती है`जीस पर रिलीज, शिवम तिवारी की शार्ट फिल्म फ्लावर्स




**जंघई।** रिश्ते क्या है? इसके उपर शायद हजारों किताबें लिखी जा चुकी है और सैकड़ों फिल्में बन चुकी है। इसी की तर्ज पर शिवम तिवारी निर्देशित फिल्म फ्लावर्स रिलीज हुई है जो हमे रिश्तों को देखने का एक नया नजरिया देती हैं। एक लड़की मीनाक्षी जिसका किरदार प्रसन्ना बिष्ट ने निभाया है अपने भाई के साथ किसी शहर घूमने जाती है। जहां वो एक अनजान लड़के से मिलती है और उस लड़के से मिलने के बाद उस लड़की की रिश्तों को? देखने की पुरानी सारी धारणाएं बदल जाती है। एक प्यारी सी लव स्टोरी के बीच में यह फिल्म हमें यह सिखा जाती है कि रिश्ते भी फूलों की तरह ही होते हैं, जब फूल ताजा होते हैं तो सब कुछ बहुत अच्छा लगता है क्योंकि वो फूल खुशबू दे रहे होते हैं लेकिन जैसे जैसे समय बीतता है फूल मुरझाने लगते हैं तो हम उन्हें उठाकर फेंक देते हैं, पर रिश्तों में हम यह नहीं कर पाते हैं, हम उन्हीं सूखे फूलों को पकड़ कर रो रहे होते हैं और चाहते हैं कि सुखे फूल हमें खूशबू दे जाए। लेकिन इन्हीं रिश्तों को कैसे स्थाई किया जा सकता है, इसी के इर्द-गिर्द घूमती है इस फिल्म फ्लावर्स की कहानी।चनेथू जंघई प्रयागराज निवासी शिवम तिवारी ने इस फिल्म को निर्देशित करने के अलावा इसे लेखन भी किया है और इसमें मुख्य किरदार भी निभाया है।

# हंडिया में संदिग्ध दशा में युवक की हुई मौत, पड़ोसियों पर लगाया आरोप

**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया तहसील के अंतर्गत आने वाले सराय ममरेज थाना क्षेत्र के मीठुपुर गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई परिजनों ने पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया है। मीठुपुर गांव निवासी चुन्नू पुत्र महादेव ने बताया कि उनका उनके पड़ोसियों से पुरानी रंजिश को लेकर काफी दिनों से विवाद चला रहा था जिसमें शुक्रवार की शाम विपक्षीगण अकरम, शौकत, सोहेल और साहिल शराब पीकर आए और चुन्नू के परिजनों के साथ मारपीट किया और भद्दी भद्दी गालियां देने लगा।

**पड़ोसी पर लगाया आरोप :** चुन्नू का आरोप है कि उसी रात उनका बेटा समीम (37) पुत्र चुन्नू अपने घर पर सोया हुआ था तभी रात में विपक्षीगणों द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई। सुबह जब समीम अपने बिस्तर से नहीं उठा तो परिजन उसे जगाने के लिए गए तो देखा कि समीम अपने बिस्तर पर मृत पड़ा था, जिसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी सराय ममरेज पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की जानकारी होने पर एसपी गंगा पार अभिषेक अग्रवाल क्षेत्राधिकारी हंडिया डॉ भीम कुमार गौतम सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई।

**अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश :** वहीं परिजनों की तहरीर के आधार पर मोहम्मद अकरम मोहम्मद शौकत मोहम्मद सोहेल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है ।पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा होगा। दूसरी ओर समीम के मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### दो बच्चों की मां बच्चों सहित प्रेमी के साथ फरार ,केस दर्ज

**मऊआइमा।** दो बच्चों की मां अपने रिश्तेदार के साथ बच्चों को साथ लेकर फरार हो गई।पति ने नामजद केस दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति मऊआइमा के ग्राम मऊदोस्तपुर में भाडे का कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है।तथा ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताते हैं कि व्यक्ति का जीजा मऊदोस्तपुर आता जाता था। जहां उसका दो बच्चों की माता के साथ प्रेम प्रसंग चलने लगा । पति जब रिक्शा चलाने चला गया तो दोनों बच्चों को साथ लेकर पत्नी प्रेमी के साथ फरार हो गया। पति ने अपने जीजा पर पत्नी और दोनों बच्चों को साथ लेकर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए मऊआइमा थाने में अजय कुमार पुत्र भुलई के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है।

# गरीबों को नहीं मिल पा रहा है पीएम आवास योजना का लाभ !

**अखंड भारत संदेश**

कोरांव ब्लाक के चांदी गांव का मामला



**रत्योंरा।** केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबो को पक्का मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित कर दिया है इस योजना के तहत लक्ष्य भी निर्धारित किया गया था ।कि 2022तक सभी गरीब पात्रो को आवास योजना का लाभ मिल सके ।लेकिन विकास खण्ड कोरांव के एक ऐसा गांव है जहाँ पर गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला हुआ है कई बार शिकायत भी कर चुका है किन्तु आवास योजना का लाभ जिम्मेदार द्वारा नही दिया गया गरीब पात्र लोग वह अपने परिवार के साथ छप्पर में रहने को मजबूर है। विकास खण्ड कोरांव के चाँदी गाँव के गरीब पात्र कौशल्या देवी पत्नी अमरेश कुमार संगीता देवी पत्नी दीनदयाल आदि लोगों ने बताया कि हम गरीबो का सुनने वाला कोई नहीं है और कौशल्या देवी ने बताया कि एक सप्ताह पहले आधी तूफान आया था जो कि हमारा घर का छप्पर तेज हवा की वजह से भी उड़ गया है हम लोग पन्नी डाल कर अपना जीवन ब्यतीत कर रहे है और टूटे हुए घरो में रहने को मजबूर हैं।सोचने वाली बात यह है कि अगर सरकार आवास योजना संचालित कर रखी है तो गरीबो को आवास योजना का लाभ क्यो नही मिला । ग्राम प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ईमानदार भाजपा सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ऐसे लोगो को आवास योजना का लाभ मिला है जो कि आपत्र है।गरीबो का सुनने वाला कोई नहीं है। किन्तु गाँव के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसकी वजह से अपने परिवार के साथ झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं।इस गरीब परिवार की ओर कोई राजनीति दल के लोग भी ध्यान नहीं दे रहे हैं सरकार के द्वारा आदेश जारी भी क्या गया है कि गरीब पात्र को प्रधानमंत्री आवास का लाभ सभी को मिले लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिसके कारण गरीब पात्र लोग टूटे फूटे घरो में रहने को मजबूर हैं।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित कराते हुए पात्र गरीबो को आवास दिलाने की मांग की है।

# उप निरीक्षक भूपेंद्र यादव व क्षेत्र के लोगों ने मजदूरों को कराया भोजन

**अखंड भारत संदेश**

क्षेत्र में रहा चर्चा का विषय




**सोरांव।** जिला सुल्तानपुर से भट्टे का काम समाप्त करके अपने घरों को लौट रहे 107 मजदूरों की भरी बस अनियंत्रित होकर सोरांव थाना क्षेत्र के भावापुर नेशनल हाईवे के पास खेत में चली गई। जिसमें बैठे सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने मामूली घायल 7 लोगों को इलाज करवाई और इतना ही नहीं भूख और प्यास से तड़प रहे सभी मजदूरों को क्षेत्राधिकारी सुधीर कुमार के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में व क्षेत्र के जिम्मेदार उपनिरीक्षक भूपेंद्र यादव संग सोरांव थाने की पुलिस तथा बगल में दुकान कर रहे दुकानदारों जैसे सेराज अहमद,पटेल कृषि यंत्रालय के मालिक जितेंद्र सिंह पटेल आदि लोगों की मदद से सभी को भोजन कराया गया। इतना ही नहीं एक दूसरी बस को सिंह ट्रैवल्स जिला सुल्तानपुर से मंगवाकर सभी मजदूरों को सकुशल उसमे बैठाया गया। और उनके गंतव्य स्थान के लिए बस रवाना कर दिए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को सिंह ट्रैवल्स पाएगी चौराहा सुल्तानपुर से क्षेत्र में भट्ठों पर काम कर रहे मजदूरों ने काम समाप्ति पर अब अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ जिला बिलासपुर जा रहे थे। वैसे ही बस प्रतापगढ़ और प्रयागराज के राष्ट्रीय राजमार्ग के भावापुर गांव के पास पहुंची वैसे ही अचानक तेज आंधी संग बरसात होने लगी। जिससे बस ड्राइवर से बस अनियंत्रित हो गई। और डिवाइडर को तोड़ते हुए बगल खेत में चली गई। जिसमें 7 लोगों को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी का हालचाल जाना। और शनिवार सुबह भूख से तड़प रहे बच्चों,महिलाओं को वह बुजुर्गों को भोजन करवाएं। जिसमे सभी मजदूरों ने क्षेत्राधिकारी सुधीर कुमार, प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार,उप निरीक्षक भूपेंद्र यादव संग सभी लोगों का आभार व्यक्त किए। तथा बस मालिक से बात करके उप निरीक्षक भूपेंद्र यादव ने दूसरी बस मंगवाकर उनके गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिए जिसकी चर्चा चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है।

# सोमवती अमावस्या पर करें पितरों को प्रसन्न होगा लाभ, जाने विधि



**प्रतापपुर।** आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक" ज्योतिष वास्तु धर्मशास्त्र एवं वैदिक अनुष्ठानों के विशेषज्ञ प्रयागराज ने बताया कि शास्त्रानुसार वर्ष के प्रत्येक महीने में अमावस्या पड़ती है परन्तु जो अमावस्यास सोमवार को पड़ती है वह "सोमवती अमावस्या" कहलाती है।इस दिन स्ना?न,दान के लिए शुभ समझा जाता है। चूंकि सोमवार शिव जी का दिन होता है इसलिए सोमवती अमावस्या भी उन्हीं को समर्पित होती है। इस दिन गंगा या अन्य पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है,यदि तीर्थ में जाना संभव न हो पाए तो प्रातः ही किसी नदी या तालाब में स्नान करके भगवान शिव,माता पार्वती,श्री विष्णु जी और तुलसी की पूजा करें। इसके बाद पीपल वृक्ष की पूजा करके के वृक्ष की 108 परिक्रमाएं करें। ध्यान रहे कि हर परिक्रमा में कोई वस्तु चढ़ानी है। इसके अलावा प्रदक्षिणा के समय 108 फल अलग रखें और वे सभी वस्तुपएं गरीबों व ब्राह्मणों को दान करें।अमावस्या तिथि पितरों की तिथि है परन्तु सोमवार पड़ जाने से इसका और महत्व बढ़ जाता है। मान्यताओं के अनुसार -एक ब्राह्मण को भोजन करा कर दक्षिणा प्रदान करना प्रभावी उपाय है।खीर बनाकर दक्षिण दिशा में कंडे की आग पर अर्पित करने से लाभ होता है।पीपल वृक्ष पर जनेऊ अर्पण करना और एक जनेऊ भगवान विष्णु जी को अर्पित करने से लाभ होता है। पीपल और भगवान विष्णुजी की पूजा करके प्रार्थना करते हुए 108 बार पीपल की परिक्रमा करें और एक मिठाई पीपल को अर्पित करें लाभ होगा। परिक्रमा करते समय "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" इस मंत्र का जप करते रहें।

# रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** महारास, कंस वध एवं रुक्मणी विवाह की प्रसंग को सुनाकर श्रोता भक्त मंत्रमुग्ध होकर आनंदित हो उठे। क्षेत्र के कोतारी गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास विनोद माधव जी महाराज ने श्रोताओं को महारास, कृष्ण मथुरा गमन, उद्धव ब्रज गमन, कंस वध तथा रुक्मणी विवाह के दिव्य प्रसंग को सुना कर उपस्थित भक्त श्रोताओं को भाव विभोर कर दिए। कथा पंडाल कथा के सुंदर प्रसंग से कृष्ण मय हो गया। कथा व्यास द्वारा सुंदर प्रसंग के दौरान श्रोता भक्तों द्वारा पूरा पंडाल भगवान के जय कारे से गुंजायमान रहा। कथा व्यास ने कहा जो भी मनुष्य इस सांसारिक बंधन में रहते हुए इससे ऊपर उठकर प्रभु की भक्ति में लीन हो गया एवं प्रभु के चरणों में अपने को समर्पित कर दिया उसका जीवन धन्य हो जाएगा। तन मन से किया गया जप तप से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा गृहस्थ जीवन में रहकर भी जो भी व्यक्ति प्रभु को सच्चे हृदय से उनको पुकारता है उसका कल्याण सदा होता है। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान विद्वान प्रसाद मिश्र ने व्यासपीठ, भागवत महापुराण, यज्ञशाला एवं आवाहित देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात उपस्थित भक्तजनों में प्रसाद का वितरण कराया। कथा श्रवण करने वालों में मुख्य आयोजक चिंतामणि मिश्र एवं आचार्य शिवम नंदन त्रिपाठी, सुशील शास्त्री, आचार्य दीपक, पंडित माताफेर मिश्र, चिंतामणि शुक्ला, जय प्रकाश द्विवेदी, अशोक कुमार पांडे, जोखू लाल तिवारी, अशोक कुमार मिश्रा आदि रहे।

### प्रभु राम हमारे आचरण और हमारे उत्तम विचार में अवश्य विराजमान होने चाहिए : अन्नपूर्णा माता

**जंघई।** असवां कबिसान गांव में कृष्ण कुमार बाबा मिश्रा के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के समापन दिवस पर रविवार को कथा व्यास साध्वी अन्नपूर्णा माता मैहर ने कहा कि प्रभु राम हमारे आचरण और हमारे उत्तम विचार में अवश्य विराजमान होने चाहिए। यही उनकी सबसे बड़ी भक्ति है। उन्होंने आदर्श राजा, उत्कृष्ट भाई, श्रेष्ठ पुत्र, महान मित्र की भूमिका एक साथ निभाई तथा एक मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के नाम मात्र से रावण जैसे अत्याचारी का अंत हो जाता है और अंदर के सारे क्लेश पाप और कुविचार समाप्त हो जाते हैं। मन के रावण का अंत करें, स्वतः प्रभु राम की भक्ति मिल जाएगी। अन्याय पर न्याय की जीत के लिए प्रभु श्री राम ने विकट समुद्र को पार कर यह साबित कर दिया कि अन्याय और अत्याचार का हर समय विरोध करना ही मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। श्री राम कथा महाज्ञान यज्ञ में दूर-दराज से काफी संख्या में भक्त पहुंचे दोपहर से देर शाम तक भक्ति कथाओं से श्रोता सराबोर होते रहे। कथावाचिका ने कहा कि सत्संग के माध्यम से ही हम ईश्वर के करीब पहुंचते हैं। उन्होंने भगवान श्रीराम की मार्मिक कथाओं का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम थे।इस अवसर पर विजय शंकर मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, डॉ अशोक कुमार मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, डॉ शैलेन्द्र मिश्र, अभयराज मिश्र, गिरीजा शंकर मिश्र, विनय मिश्र, रतन मिश्र, संदीप मिश्र, प्रदीप, राघवेन्द्र, वीरेंद्र, आशुतोष, अमित, अभिषेक, अनुराग, शिवेंद्र, सुमित, डॉ गौरव, अंशुमान, प्रांजल, प्रत्युष, प्रखर, यश, अभ्युदय, शिवाय, प्रज्ञान, आरव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कोरांव क्षेत्र में नियमों को ताक पर रख चल रही आरा मशीनें

## जिम्मेदार मौन : अंधाधुंध हरे पेड़ों की कटाई व अवैध आरा मशीनों पर हो रही चिराई

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योंरा।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से लेकर नगर कोरांव में अवैध आरा मशीनों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में चल रही मशीनों में किसी के पास लाइसेंस नहीं है। मनमाने तरीके से लकड़ियों की कटाई व चिराई में आरा मशीनों के संचालक जुटे हुए हैं। लेकिन इन आरा मशीनों पर विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में बिना लाइसेंस के संचालित आरा मशीनों पर खुलेआम हरे पेड़ों की चिराई हो रही है। जिसके लिए रातों-रात हरे-भरे फलदार वृक्ष वन विभाग के पेड़ काट कर लाए जा रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं। क्षेत्र में सरकार द्वारा समय-समय पर हरियाली लाने व पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से पेड़ों का वितरण कराने सार्वजनिक स्थानों तथा क्षेत्रीय पहाड़ों और जंगलों में प्रत्येक वर्ष पौधे रोपे जाते हैं, किंतु हरे पेड़ों की कटाई इस तरह से अंधाधुंध हो रही है कि जितने पेड़ रोपे जाते हैं उससे अधिक प्रत्येक वर्ष काट लिए जा रहे हैं। जिससे जंगल पहाड़ व फलदार वृक्ष भी नेस्तनाबूद होते जा रहे हैं। ग्रामीण प्रत्येक वर्ष बीच रोककर उन्हें बड़ा करने का जहां संकल्प लेते हैं वहीं जिम्मेदार चंद पैसों के खातिर हरे-भरे जंगलों को नष्ट करवा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार आरा मशीन संचालकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।

### चंद पैसो के लालच में मिटाई जा रही है हरियाली

ग्रामीणों का कहना है कि चंद पैसों के लालच में लकड़ी माफियाओं एवं अवैध आरा मशीनों के संचालकों के द्वारा द्वारा हरे भरे पेड़ काटकर आरा मशीनों को सप्लाई किए जा रहे हैं। हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जहां क्षेत्र की हरियाली खत्म होती जा रही है। वहीं कैमूर पहाड़ी की सुंदरता भी विलुप्तप्राय होती जा रही है। पेड़ बारिश में भी सहायक होते हैं इसके अलावा हमें शुद्ध हवा भी देते हैं। क्षेत्र की हरियाली वन विभाग की लापरवाही से खत्म होती जा रही है। ग्रामीणों ने आरा मशीनों सहित पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई की मांग की ग्रामीण इलाकों में चल रही अवैध आरा मशीनों से कटी हुई लकड़ी को बाजार में ही खपाया जाता है। लकड़ी से भरे हुए ट्रैक्टर गुजरते रहते हैं। विभागीय लोग मूकदर्शक बने रहते हैं। इस संदर्भ में वन क्षेत्राधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कुल 5 लाइसेंसी आरा मशीन में संचालित है अवैध आरा मशीनों का संचालन संज्ञान में नहीं है। जबकि क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक अवैध आरा मशीनों का संचालन हो रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो अवैध आरा मशीन संचालकों के द्वारा प्रत्येक माह जिम्मेदार अधिकारियों को मोटी रकम देते हैं। जिससे इन पर किसी भी प्रकार की कोई विभागीय कार्रवाई नहीं होती है।

### स्थानीय पुलिस के कारण बढ़ रहा अपराध

**लेडियारी।** प्रयागराज के दछिणांचल में म.प्र. की सीमा से लगा थाना खीरी, कोराँव क्षेत्र में अपराध नहीं रुक पा रहा है क्योंकि स्थानीय पुलिस नहीं चाहती उसके आय का श्रोत कम हो। यही कारण है कि भाँग की दूकानों पर गाँजा बेंचा जा रहा है। बेलन व टोन्स नदी के किनारे महुआ शराब बनाई जा रही है।जिसके युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है, और छेत्र में अपराध बढ़ रहा है। उक्त थाना छेत्र के अन्तर्गत गाँव की महिलाओं को थाना स्तर से न्याय नहीं मिल पा रहा है।जिसके कारण उत्पीणन से पीड़ित महिलाएं आत्महत्या के लिए मजबूर हो रही है।गत 15 दिनों के अन्दर कई महिलाओं ने न्याय न मिल पाने के कारण आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है।पुलिस यदि चाह ले तो अपराध पर काबू हो सकता है। लेकिन कमाई कम हो जायेगी।सड़कों पर डग्गामार वाहन चल रहे हैं ।जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।छेत्र में अबैध खनन हो रहा है ज्यादा बोलिए तो पुलिस के पास आई पी सी की ऐसी -ऐसी धाराएं है कि फँसाकर जेल के सलाखों में डाल सकती है।इस तरह स्थानीय पुलिस धमकी देती हैं।इसी वजह से पत्रकार अपनी लेखनी गिरवी रख चुका है।

# खीरी चौराहे का मुख्य मार्ग बना ताल तलैया



**अखंड भारत संदेश**

### खीरी बाजार में नारीबारी कोरांव मुख्य मार्ग पर जमा रहता है पानी, राहगीरों को होती हैं परेशानी

**लेडियारी।** प्रयागराज।कोरांव तहसील क्षेत्र का खीरी बाजार एक ऐसा बाजार है जहां मई के महीना में भी नारीबारी कोरांव मुख्य मार्ग पर पानी भरा हुआ रहता है। जिससे एक तरफ पूरी तरह से सड़क ध्वस्त होता जा रहा है वहीं राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।समस्या तब और बढ़ जाती है जब चार पहिया वाहन के क्रास करने पर पैदल चलने वाले राहगीरों का कपड़ा गंदे पानी के छीटों से भीग जाता है। इस तरह का समस्या खीरी में दो जगहों पर बना हुआ है।हालांकि इस तरह के समस्या का समाधान हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग मुस्तैदी से जुट कर सड़को पर बने गड्ढों को पाटती रहती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि खीरी में सड़क पर बने इस तरह से गड्ढों को विभाग जल्द से जल्द पटवा दे ताकि राहगीरों को पैदल चलने में राहत मिले । अगर उपरोक्त समस्या का समाधान जल्द से जल्द नही किया गया तो आगे भीषण वर्षात में राहगीरों को भीषण समस्या से जूझना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### महिला द्वारा गुंडा टैक्स वसूलने की क्षेत्र में जोरों पर चर्चा

**लेडियारी।** तहसील क्षेत्र कोरांव के खीरी थाना क्षेत्र में इस वक्त रात को निकलने वाले ओवरलोड ट्रकों से एक महिला द्वारा फिल्मी स्टाइल में गुंडा टैक्स वसूलने की इलाके में चर्चा जोरों पर सुनने को मिल रही है। ज्ञात हो कि इलाके के कौंदी स्थित टौंस नदी पर पुल का काम निमार्णाधीन है जिसके कारण ओवरलोड ट्रक अपनी सेटिंग कर चाकघाट मध्य प्रदेश से डीह पुल होकर खीरी थाना क्षेत्र में प्रवेश करते हैं और गिट्टी को सेटिंग के मुताबिक बेंचते हैं। जाहिर सी बात है कि जब ओवरलोड वाहन सिंगल रोड पर लगातार परिवहन करते रहेंगे तो सड़क की दशा दयनीय होना स्वाभाविक है। सड़क की दशा खराब करने का आरोप लगाकर महिला द्वारा ट्रकों से गुंडा टैक्स वसूलने की बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते कुछ ही दिन पहले रात को अवैध वसूली को लेकर ट्रकों से जमकर हंगामा हुआ था और बाद में इलाकाई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। जब ओवरलोड को लेकर पुलिस सख्त हुई तो चालकों सहित वाहन स्वामियों ने पुलिस से कहा कि उक्त महिला से मेरा समझौता हो गया है और अब कोई दिक्कत नहीं होगी। हालांकि पुलिस द्वारा ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली करने को दरकिनार नहीं किया जा सकता फिर भी क्षेत्र में महिला द्वारा गुंडा टैक्स वसूली का रिवाज कायम है जो इलाकाई लोगों की जुबान पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# फाफामऊ हत्याकांड के आरोपियों के घर चला बुलडोजर

## फरार अभियुक्तों पर 25 हजार का इनाम किया गया घोषित

अखंड भारत संदेश



पीडीए ने हत्या आरोपियों के घर को बुलडोजर से गिराया



हमलावरों के द्वारा छलनी की गई स्कॉर्पियो

**फाफामऊ प्रयागराज।** फाफामऊ के रूदापुर में एक दिन पहले हुए हत्याकांड के आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई हुई। तीन आरोपियों जैद, जावेद व खुर्शीद के घर पर बुलडोजर चलवाया गया। इस दौरान बाउंड्रीवाल, गेट ढहाने के साथ ही बारजा भी तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। इस दौरान जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस अफसर भी मौके पर मौजूद रहे। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम रविवार दोपहर में रूदापुर गांव में पहुंची। इसमें एसडीएम ज्योति मौर्य और सीओ सोरांव सुधीर कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। खास बात यह है कि टीम के साथ बुलडोजर भी था जिसे देखते ही गांव में हड़कंप मच गया। बुलडोजर लेकर अफसर हत्याकांड के मुख्य आरोपियों जैद, खुर्शीद और जावेद के घर के बाहर पहुंची।इस दौरान आरोपियों के पिता व अन्य परिजन मिले। उनसे पूछताछ के बाद बुलडोजर से ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू किया गया। सबसे पहले मकान का गेट तोड़ा गया। इसके बाद बाउंड्रीवाल भी ढहा दिया गया। कुछ देर बाद बारजा भी तोड़ दिया गया। करीब दो घंटे तक ध्वस्तीकरण करने के बाद टीम वापस चली गई।

**फरार चारों आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम :** उधर वारदात के दूसरे दिन भी आरोपियों का सुराग नहीं मिला। पुलिस टीमें उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देती रही लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। रविवार को इन चारों आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि उनकी तलाश में पांच टीमें लगाई गई हैं। गौरतलब है कि हत्याकांड में खुर्शीद, जैद और जावेद के अलावा फैजू को नामजद किया गया है। यह चारों रूदापुर गांव के रहने वाले हैं।

**स्कॉर्पियो घेरकर भून दिया था गोलियों से :** रूदापुर गांव में एक दिन पहले यह घटना हुई थी। इसमें प्रॉपर्टी का काम करने वाले मुबस्सिर अहमद को गोलियों से भून दिया गया था। घर लौटते वक्त स्कार्पियो को घेरकर फायरिंग की गई थी। इसमें मुबस्सिर की मौत हो गई थी जबकि उसका सगा भाई मुदस्सिर और ममेरा भाई आकिब गोली लगने से जख्मी हो गए थे।बता दें कि रूदापुर गांव के मुबस्सिर अहमद (24) को घर लौटते वक्त गोलियों से भून दिया गया। उसकी स्कॉर्पियो को घेरकर फायरिंग की गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। गोली लगने से उसके सगे भाई समेत दो अन्य भी जख्मी हुए जिन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात को एक जमीन के विवाद में अंजाम देने की बात सामने आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

**प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था मुबस्सिर :** मुबस्सिर पुत्र अतीक अहमद प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। उसके पिता का ईट-भट्ठा भी है, जिसमें वह और उसका भाई मुदस्सिर (26) हाथ बंटाया करते थे। शनिवार को दोनों भाई रोज की तरह भट्ठे पर ही गए थे। वहां से सुबह 11 बजे के करीब वह अपने मामा के लड़के आकिब (23) निवासी असरौली पुरामुफ्ती व दोस्त अदनान के साथ स्कार्पियो पर सवार होकर भट्ठे से लौट रहे थे। तभी सामने से आई सफारी गाड़ी ने उनका रास्ता रोक लिया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले ही सफारी से उतरे असलहाधारी युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी।

**सफारी से पहुंचे थे बदमाश :** उन्होंने स्कॉर्पियो को घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं जिसमें मुबस्सिर गोलियों से छलनी हो गया। उधर, मुदस्सिर व आकिब को भी गोलियां लगीं, जिससे वह जख्मी हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकले। सूचना पर घरवाले व पुलिस भी आ गई। सभी को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया था।

### माघ मेला : पांच किमी की परिधि में नानवेज और शराब पर लगे प्रतिबंध

**प्रयागराज।** विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के पांच किलोमीटर की परिधि में नानवेज और मदिरा की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। काशी प्रांत के प्रांतीय मंत्री लालमणि तिवारी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर इस मामले में अविलंब रोक लगाने की मांग की है। लालमणि तिवारी ने कहा कि प्रयाग और संगम देश-विदेश के करोडों. हिंदुओं और सनातन धर्मावलंबियों कीआस्था का प्रतीक है। इसकी धार्मिक महत्ता और आस्था को देखते हुए प्रयागराज मेला प्राधिकरण परिक्षेत्र में मांस, मछली, अंडा और शराब की बिक्री व सेवन पर रोक लगाई जाए। लालमणि तिवारी ने कहा कि देश के कोने-कोने से लोग यहां संगम स्नान के लिए आते हैं। पर, यहां पर जगह-जगह नानवेज और मदिरा की बिक्री से लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। इससे प्रयागराज का मान भी घटता है। हिंदू जनमानस के आस्था के इस सबसे बड़े केंद्र तीर्थराज प्रयागराज की गरिमा को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है। काशी प्रांत के प्रांतीय मंत्री ने हवाला दिया कि जिस प्रकार से श्रीकृष्ण जन्मभूमि बृज क्षेत्र को तीर्थस्थल घोषित कर उसके 10 किमी की परिधि में मांस और मदिरा की बिक्री पर रोक लगाई गई है, उसी प्रकार की रोक की आवश्यकता प्रयागराज को भी है।

# अज्ञात परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता, मौत

अखंड भारत संदेश

### ससुराली जनों के ऊपर लगा फांसी लगाने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर



घटनास्थल पर लगी ग्राम वासियों की भीड़

**मेजा रोड।** विकासखंड उरूवा क्षेत्र के ग्राम सभा सोनबरसा में अज्ञात परिस्थितियों में विवाहिता फांसी पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंचे पीहर वालों ने दहेज मांग में पल्सर गाड़ी न मिलने पर फांसी पर लटकाने का आरोप भी लगाया है। वही सूचना पर सिपाहियों के साथ पहुंचे सिरसा चौकी इंचार्ज अमृत जायसवाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के सोनबरसा ग्रामसभा निवासी राजाराम भारती के लड़के राम कुमार भारती की शादी 2012 में मिजार्पुर के लखोली गांव निवासी रामलाल भारतीय की पुत्री रंजू देवी कबूतरा 28 वर्ष से हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न कराई गई थी शादी के बाद से ही उन सब का जीवन खुशमय बितता रहा। इसी बीच रंजू देवी को एक 4 वर्षीय पुत्र गणेश का जन्म हुआ। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था की रंजू की छोटी बहन की शादी उसके ससुराली जनों द्वारा कहीं तय की गई थी जिसने पल्सर और कुछ दान दहेज देने की बात की गई थी। मृतका रंजू की मौत की सूचना पर पहुंचे पीहर वालों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि छोटी बेटी की शादी हुई लोगों के द्वारा तय किए जाने के बाद से ही रंजू के पति रामकुमार द्वारा भी पल्सर की मांग की जाने लगी जिससे खुन्नस खाए इन लोगों ने बेटी को फांसी पर लटकाया है। जिसकी सूचना पीहर वालों ने मेजा थाने पहुंच कर तहरीर देते हुए बेटी को न्याय दिलाने की बात कही।



### एंबुलेंस कर्मी बने गर्भवती महिला का सहारा

**सोरांव।** डिलेवरी पीड़िता शनिवार 28 मई को शाम लगभग 4 बजे एंबुलेंस इमर्जेंसी सेवा में फोन किया तथा तुरंत ही 102 के ईमटी श्री राम पायलट मोहम्मद जावेद मौके पर पहुंच कर पीड़िता शिवानी देवी उम्र 27 साल पत्नी अवधेश निवासी जहानाबाद ब्लॉक कौड़िहार प्रयागराज को एंबुलेंस में बैठाकर जच्चा बच्चा केंद्र को रवाना हुए। कुछ दूर जाने पर गर्भवती महिला को अत्यधिक पीड़ा होने लगी। जिसके कारण एंबुलेंस को रास्ते में ही सड़क के किनारे में ही रोककर ईमटी श्रीराम व आशा उमा ठाकुर की सहायता से सफलतापूर्वक गर्भवती महिला की डिलेवरी कराई गई। जिसमें शिवानी देवी ने एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। इतना ही नहीं जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ्य है। जिसको परिजनों ने सीएचसी कौड़ीहार में भर्ती करा दिया गया है। जहां डाक्टरों ने जरूरी इलाज शुरू कर दिया गया। घर के परिजनों ने एम्बुलेंस के ईएमटी पायलट की इस नेक काम की जमकर सराहना की है।

# रोजी रोजी के लिए पहली बार मुंबई जा रहा युवक रेलवे स्टेशन पर हाई वोल्टेज करंट से झुलसा

अखंड भारत संदेश





अस्पताल में जीवन मृत्यु से संघर्ष करता मो. रूसैल तथा रेलवे के इसी डीजल गाड़ी की सीढ़ियों से चढ़कर पार हो रहा था युवक

**मेजा/पसना।** रविवार सुबह मेजारोड रेलवे स्टेशन उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक स्टेशन पर खड़ी डीजल ट्रेन पर चढ़कर हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।मिली जानकारी अनुसार कोरांव थानांतर्गत पसना गांव का मोहम्मद रूसैल उम्र लगभग 20वर्ष पुत्र ननकऊ घर से सुबह मुंबई जनता ट्रेन पकड़ने हेतु मेजारोड़ रेलवे स्टेशन गया था,जल्दबाजी वश पटरी पार करने हेतु ओवरब्रिज का प्रयोग न कर लूप लाइन पर खड़ी डीजल गाड़ी की सीढ़ियों से चढ़कर पार जाने के चक्कर में हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया।मौके पर मौजूद उसके चचेरे भाई व अन्य लोगों ने नजदीकी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। फोन से सूचना मिलने पर परिजन उसे शहर ले जाकर जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती किए है। डाक्टरो के अनुसार वह पचास प्रतिशत जल गया है।घटना की सूचना पर मुंबई में रहने वाले रूसैल के पिता प्रयागराज के लिए रवाना हो गए है।

# थाना हंडिया पुलिस टीम ने शांति भंग के अंदेशा में 18 अभियुक्त का किया चलान

### व बीस लीटर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने व अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हंडिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हंडिया धर्मेन्द्र कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में शांति भंग के अंदेशा में उप निरीक्षक सुशील कुमार द्विवेदी व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में अठारह अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद , संतलाल , राकेश प्रसाद , पिंटू रमेश , ओम प्रकाश , उमेश , दीपक , संजय , बादल , दिलीप मिश्रा , प्रदीप मिश्र , पवन कुमार पाण्डेय , विवेक कुमार पाण्डेय , फूलचंद्र , शिवकुमार सिंह क संदीप सिंह को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चलान । वहीं दूसरी ओर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता बीस लीटर अवैध अपमिश्रित शराब के साथ एक अभियुक्त दिलीप पटेल पुत्र सुकुरू पटेल को गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 299/22 धारा 60 एक्स एक्ट व 272 का अभियोग पंजीकृत किया गया व थाना पुलिस टीम द्वारा अग्रिम कारवाई जारी है।

### थाना मेजा पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त का किया गया चलान

**प्रयागराज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने व अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मेजा धीरेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त राजकुमार कुशवाहा पुत्र सारदा प्रसाद , लवकुश कुशवाहा पुत्र सारदा प्रसाद व अजय कुशवाहा पुत्र राम आश्य कुशवाहा को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चलान।

# सवा लाख सुंदर कांड के पाठ से होगी बड़ियारी हनुमान की आराधना

अखंड भारत संदेश

### यमुना तट पर अभिषेक और समागम में लगा भक्तों का तांता



**शंकरगढ़।** बड़ियारी के प्रभु हनुमान जी के दरबार में सवा लाख सुंदरकांड पाठ के साथ आराधना हो रही है। यहां पर 27 मई से चल रहे हनुमत महाअभिषेक एवं महासमागम में प्रभु दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।एक माह तक चलने वाले प्रसिद्ध धाम में सुदूर क्षेत्र से आने वाले भक्त प्रतिदिन यहां प्रसाद चढ़ाकर, भंडारा कर प्रभु का दर्शन और आशीर्वाद ले रहे हैं।

चित्रकूट जिले के मऊ तहसील में यमुना नदी के तट पर विराजमान हनुमान जी बड़ियारी के हनुमान जी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां भक्तगण श्रद्धा पूर्वक दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।कलयुग में भक्तों का कल्याण करने वाले प्रभु हनुमान जी के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। भक्त श्रद्धा पूर्वक यहां प्रसाद चढ़ाकर व भंडारा करवाकर प्रभु के दर्शन करते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं। यह स्थल उतना ही पवित्र है, जितना प्रयागराज में बंधवा वाले प्रभु हनुमान जी का है।शनिवार को प्रज्ञा नर्सिंग होम के प्रबंधक व डॉ. प्रभाकर सिंह ने बड़ियारी के प्रभु हनुमान जी के दर्शन कर विशाल भंडारे का आयोजन करवाया। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि बड़ियारी के प्रभु हनुमान जी के दरबार में आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रभु का आशीर्वाद है जो आज इस पावन धरती पर बने इस खूबसूरत धार्मिक स्थल पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।सभी भक्तगणों से यह कहना चाहूंगा कि वह एक बार इस पावन धार्मिक स्थल पर आकर प्रभु का दर्शन कर आशीर्वाद जरूर करें, प्रभु सभी के दुखों को हर लेंगे और उनका कल्याण करेंगे। स्वामी बृजेशानंद जी महाराज ने कहा कि यमुना जी के बीच बड़ीयारी में लेटे हनुमान जी के दर्शन मात्र करने से सभी कष्टों का निवारण होता है।यहाँ यमुना जी के तट पर हनुमान जी आराम करते हुए नजर आते हैं और भक्तों के भी जीवन में भी आराम लाते है। भंडारे के अवसर पर डॉ प्रभाकर सिंह, उग्रसेन द्विवेदी, टमाटर गुरु, रामचंद्र तिवारी रोहित केसरवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने साइकिल सवार बुजुर्ग को कुचला, दर्दनाक मौत



**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के पकरी गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने साइकिल से जा रहे बुजुर्ग को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया वही नाराज ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार राममूर्ति द्विवेदी ( 70) निवासी पकरी कोटे की दुकान से गल्ला लेकर घर वापस जा रहा था,जैसे ही वह पकरी नहर के समीप पहुंचे ही थे कि परानी पुर लक्षागृह घाट से बालू लादकर आ रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया वही नाराज ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर कमरे में बंद कर दिया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी हुई है।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना : बहरिया, शंकरगढ़ और मेजा के बीपीएम का वेतन रुका



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर बहरिया, शंकरगढ़ एवं मेजा के बीपीएम का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन की प्रगति पर खुशी भी जाहिर की है। संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व स्टाफ को मरीजों व तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार करने की भी नसीहत दी। जिलाधिकारी ने चिकित्सालयों में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त बनाए रखने के लिए कहा है। खराब उपकरणों को ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग के कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगणों के अलावा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# धक्का प्लेट बनी डायल 112 पीआरवी वैन, कैसे लगेगा अपराध पर अंकुश!

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस की डायल 112 सेवा धक्का प्लेट बनकर रह गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद सिपाहियों ने गाड़ी को धक्का देकर स्टार्ट किया। इसके बाद गाड़ी घटना स्थल की ओर रवाना हुई। सिपाही जब गाड़ी को धक्का दे रहे थे तो सड़क पर आने जाने वाले लोग तमाशबीन बने थे। तमाम लोग फोटो खींच रहे थे और इसका वीडियो बना रहे थे। देखते ही देखते प्रयागराज के कई फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप पर फोटो और वीडियो वायरल हो गया।रविवार को दोपहर डायल 112 की 80 नंबर पीआरवी वैन को शहर में किसी घटना की सूचना मिलती है। सिपाही जब गाड़ी में बैठे तो सेल्फ ही जवाब दे गया। इसके बाद सिपाहियों ने गाड़ी को धक्का देना शुरू कर दिया। इसके बाद क्या था। सड़क पर जा रहे लोग यह नाजार देख अपनी हंसी नहीं रोक पाए।लोग यह भी कहते सुने गए कि जब पुलिस की यह गति रहेगी तो घटना के तुरंत बाद पुलिस घटना स्थल पर कैसे पहुंच सकेगी। अपराध जहां हवा की रफ्तार से वाहन से भाग रहे हैं वहीं पुलिस धक्का देकर गाड़ी स्टार्ट करेगी तो उनका पीछा कैसे करेगी और कैसे गिरफ्तार कर पाएगी। तमाम लोगों ने फोटों खींचा तो कुछ ने वीडियो भी बना लिया। कुछ देर बाद यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# प्रयागराज जंक्शन पर शुरू हुई चार्टिंग व्यवस्था यात्री देख सकेंगे टिकट कंफर्म हुआ या नहीं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के मिलन स्थल प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारी चल रही है। उसी सिलसिले में प्रयागराज जंक्शन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने की तैयारी की जा रही है। शनिवार को प्रयागराज जंक्शन पर ही चार्टिंग प्रणाली की शुरूआत की गई जिससे अब यात्री जंक्शन के किसी भी प्लेटफार्म पर अपने टिकट की स्थिति जान सकेंगे।

**हर प्लेटफार्म पर चार्टिंग प्रणाली के डिस्प्ले :** यानी उनका टिकट कंफर्म हुआ है अथवा वेटिंग में है या कैंसिल हो चुका है यह सब कुछ भी चार्टिंग प्रणाली के बोर्ड पर दिखाई पड़ेगा। जंक्शन के प्रत्येक प्लेटफार्म पर चार ई टिकटिंग चार्टिंग प्रणाली के डिस्प्ले लगाए गए हैं । जिसमें दो एसी टिकट धारक यात्रियों के लिए और दो स्लीपर टिकट धारक यात्रियों के लिए लगाए गए हैं। ई टिकटिंग प्रणाली की कुल लागत 47.69 लाखों रुपए है।

**जंक्शन पर लगाई गई लिफ्ट :** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2/ 3 पर 15 यात्रियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाई गई है। इस पर 43 लाख की लागत आई है । इसका इस्तेमाल कर यात्री आसानी से प्लेटफार्म से पैदल पुल पर जा सकेंगे।

**एस्केलेटर से मिलेगी सुविधा :** प्रयागराज जंक्शन स्मिथ रोड सिविल लाइंस की ओर एस्केलेटर की भी स्थापना हुई। शनिवार को इसका उद्घाटन किया गया। आरोपी से वृद्धजन दिव्यांगों को आसानी से चढ़ने उतरने की सुविधा मिल जाएगी। जंक्शन पर छह एस्केलेटर बन चुके हैं।

**सांसद ने किया लोकार्पण :** प्रयागराज जंक्शन पर एस्केलेटर, लिफ्ट और चार्टिंग प्रणाली का उद्घाटन सांसद रीता बहुगुणा जोशी व सांसद केसरी देवी पटेल ने किया। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 6 उद्घाटन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां दोनों सांसदों द्वारा ई चार्टिंग चार्टिंग प्रणाली के डिस्प्ले का लोकार्पण हुआ। केसरी देवी पटेल ने कहा कि जल्द ही प्रयागराज जंक्शन आपको एयरपोर्ट की जैसे सुविधाएं देने लगेगा और उसी क्रम में यह तीन नई सुविधाएं शुरू हुई है। रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि सरकार हर दिशा में काम कर रही है और दुनिया में सबसे संजीदा और शानदार रेलवे सुविधा देने वाला तंत्र भारतीय रेलवे ही है।

# साहित्य के महाशिल्पी हैं डॉ0 रामबोधः केशरीनाथ त्रिपाठी

## अभिनंदन ग्रंथ दर्पण का पूर्व राज्यपाल ने किया लोकार्पण, विद्वत समाज ने डॉ0 रत्न का किया सारस्वत अभिनन्दन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय चन्द्रदत्त सेनानी स्मानक न्यास के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 रामबोध पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विद्वतजनों द्वारा प्रणीत अभिनन्दन ग्रन्थ दर्पण का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह लीला पैलेस में हुआ। सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। अभिनन्दन ग्रन्थ के लोकार्पण के उपरान्त डॉ0 रामबोध पाण्डेय का सारस्वत अभिनन्दन किया। अभिनन्दन पत्र का वाचन एवं स्वागत भाषण साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने प्रस्तुत किया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पूर्व विधिक परामर्शी श्याम शंकर उपाध्याय की



अभिनंदन ग्रंथ दर्पण का लोकार्पण करते पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी।

पुस्तक हिन्दुत्व एंड चैलेन्जेज का लोकार्पण हुआ जिसकी समीक्षा ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा द्वारा की गई। अध्यक्ष, मुख्य अतिथि तथा सभी विशिष्ट अतिथियों को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व राज्यपाल का सम्मान रोशनलाल उमरवैश्य तथा डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि द्वारा लोकेश शुक्ल निदेशक आकाशवाणी केन्द्र इलाहाबाद एवं बीना श्रीवास्तव प्राचार्य शारदा संगीत महाविद्यालय को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल महामहिम केशरीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि डॉ0 रामबोध पाण्डेय साहित्य के महाशिल्पी हैं। उनके अभिनन्दन के माध्यम से प्रतापगढ़ के साहित्य का सम्मान किया गया है। डॉ0 रामबोध पाण्डेय विविध विद्या के साहित्यकार हैं। उन्होंने नाटक लेखन को नई दिशा दी है। अध्यक्ष ने कहाकि उनका साहित्य कालजयी है।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पूर्व विधिक परामर्शदाता श्याम शंकर उपाध्याय ने कहा कि डॉ0 रामबोध पाण्डेय ने साहित्य के क्षेत्र में नया प्रतिमान बनाया है। विविध विधा की उनकी ढाई दर्जन पुस्तकें साहित्य की मूल्यवान पूंजी हैं। डॉ0 पाण्डेय कवियों के प्रेरणास्रोत हैं। समारोह का कुशल संचालन ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा द्वारा किया गया। डॉ0 रामबोध पाण्डेय के कृतित्व पर प्रो0 आर.एन. त्रिपाठी सदस्य लोक सेवा आयोग (उ0प्र0), सागर त्रिपाठी (राष्ट्रीय कवि/शायर), डा0 डी0पी0 ओझा (लेखक/समीक्षक), कमलाशंकर मिश्र (साहित्यकार एवं पूर्व आई.आर.एस.), डा0 मिथिलेश कुमार त्रिपाठी (संपादक दर्पण), डा0 वाचस्पति शुक्ल (पूर्व विभाध्यक्ष संस्कृत) इत्यादि ने विचार प्रकर किया। समारोह में बड़ी संख्या में देश-प्रदेश के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। समारोह के द्वितीय सत्र में सुनील प्रभाकर, सत्येन्द्रनाथ मिश्र ह्यमृदुलह्य, जयराम पाण्डेय ह्यराहीह्य, अमरनाथ गुप्त ह्यबेजोड़ह्य, डा0 अशोक अग्रहरि, अनिल कुमार ह्यनिलयह्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, विकास यादव, प्रभाकर पाण्डेय, वैभव पाण्डेय, कल्पना तिवारी ने काव्य पाठ से कार्यक्रम को नई ऊँचाइयां प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के संयोजक आनन्द मोहन ओझा, डा0 दयाराम मौर्य रत्न, एम0पी0 त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश मिश्र, संतोष कुमार शुक्त, राजेश मिश्र एवं ललित कुमार मिश्र सरस, आनन्द ओझा, सुरेश संभव, विनोद पाण्डेय, बिरज पाण्डेय का योगदान रहा।

## ग्रामीणों ने धर्म परिवर्तन के माहौल का लगाया आरोप, भड़की महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के बेलहा गांव के मदनगढ़ में रविवार को एक धर्म विशेष को लेकर हो रहे कार्यक्रम से ग्रामीण नाराज हो उठे। ग्रामीणों ने वहाँ एकत्रित कुछ महिलाओं के समूह पर धर्म परिवर्तन का गांव में माहौल बनाये जाने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। इस पर महिलाएं भी भड़क उठीं और वह अपनी मनचाही पूजा पाठ की बात कहने लगीं। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 फोर्स पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगी। महिलाओं के समूह की तरफ से एक युवक को उलझते देख पुलिस उसे अपने साथ कोतवाली उठा ले आयी। गांव में तो माहौल शांत हो गया किन्तु युवक को पुलिस द्वारा अपने साथ ले जाने को लेकर महिलाओं में गुस्सा पनप उठा। इसके बाद युवक को पुलिस से छुड़वाने के लिए दर्जन भर महिलाएं थाने गेट पर आ धमकीं। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है मामले की जांच कर शान्ति व्यवस्था बनाये रखे जाने के लिए इलाकाई पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। वहीं ग्रामीणों में चर्चा है कि रविवार को गांव में कुछ महिलाएं एकत्रित होकर एक धर्म विशेष की उपासना के नाम पर माहौल को खराब किए जाने का प्रयास किया करती हैं। जबकि महिलाओं का कहना है कि वह केवल एकत्रित होकर पूजा पाठ ही किया करती हैं। फिलहाल मामले की जांच में पुलिस जुटी बताई जाती है।

### गन हाउस के लूट के दो वांछित अभियुक्त अवैध असलहा के साथ चढे पुलिस के हत्थे

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देश पर अपराध नियंत्रण व वांछित अभियुक्तो के खिलाफ चलाये गए अभियान में हथिगवां थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हमराही राजेश्वर कुमार, राजू, अनिल यादव व राजा तोमर ने रविवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के परेवा नरायणपुर पुलिया के पास से लूट के दो वांछित अभियुक्त रहमत उल्ला उर्फ छोटे पुत्र फजलेरफ व साकिर पुत्र फजलेरफ निवासी परेवा नरायनपुर थाना हथिगवां को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दोनों अभियुक्तो के पास एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व एक अदद तमंचा 12 बोर जीवित कारतूस बरामद किया तथा यू0 पी0एफ वाई 5970 हीरो यच एफ 100 चोरी की बाइक बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त बहुचर्चित सुशीला गन हाउस थाना लालगोपालगंज प्रयागराज में चोरी प्रकरण में मुख्य अभियुक्त थे ।

# हलक तर करने को भटक रहे हैं पशु-पक्षी

### सूखे पड़े है तालाबों में नही भराया गया पानी

### अब तो बारिश में ही बुझेगी प्यास

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रशासन के रवैये को देखते हुए अब ऐसा लग रहा है कि दूसरों की प्यास बुझाने वाले सरोवर ही प्यासे रह जायेंगे।अब सरोवर ही खुद की प्यास की आस छोड़ने को मजबूर हो गए है। अब उन्हें खुद की प्यास बुझाने के लिए बारिश का इंतजार करना पड़ेगा।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमृत सरोवर की खोज में प्रशासन मनरेगा से बने पुरानें सरोवरों को भुला बैठा है।शासन के फरमान के बाद भी अधिकारी क्षेत्र के अधिकांश तालाबों मे पानी नही भरवा सके। पानी न होने के कारण सरोवरों मे दरारें पड़ गई है। प्रशासन की लापरवाही की वजह से शासन के आदेशों की धज्जियां तो उड़ ही रही है वही पशु-पक्षी भी हलक तर करने के लिए दर-दर भटक रहे है।

स्थानीय विकास खण्ड के ब्लाक परिसर से लेकर ग्रामीणांचल में मनरेगा से बने तालाबों को पानी से दरकिनार कर दिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी तालाबों में पानी भरवाने का आदेश तो दे दिया है लेकिन उसकी जमीनी हकीकत जानने की जरूरत नही समझी। हालात यह है कि ब्लाक क्षेत्र के अधिकांश तालाब जल विहीन हो गए है।वहीं प्रशासन इस समय अमृत सरोवर की खोज में ही जुटा हुआ है। कभी सरोवर बना तो उसको और बेहतर बनाने के लिए मॉडल सरोवर बनाया गया और अब अति बेहतर के लिए अमृत सरोवर को बनाया जा रहा है। क्या बनाना ही पर्याप्त है या उसकी देख रेख भी करना जरूरी है।आज देख रेख के अभाव का ही परिणाम है कि सरोवर व मॉडल सरोवर इस तपती गर्मी मे भी सूखे पड़े है। पशु-पक्षी के साथ मवेशी पानी की खोज में दर-दर भटक रहे है। जब प्रशासन योजना के उद्देश्य से भटक जाता है तो उस योजना के लाभ से जनमानस वंचित रह जाता है आज क्षेत्र में बने सरोवरों के साथ यही हो रहा है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर से बात किया गया लेकिन उन्होने इस बावत को बात नही की।

# बास्केटबाल विश्व का दूसरे नम्बर का सर्वाधिक गेम

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित हुआ सेमिनार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कालेज के प्रेक्षागृह में आज जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र मौर्या, विधायक, सदर, प्रतापगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 धीरेन्द्र तिवारी, असिस्टेन्ट डायरेक्टर, शारीरिक शिक्षा एवं खेल बास्केटबॉल एवं आर0एस0 बेदी वाइस प्रेसिडेन्ट, यू0पी0 बास्केटबॉल एसोसिएशन एण्ड इंटरनेशनल प्लेयर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आर0एस0 बेदी ने बताया कि बास्केटबॉल एक इंडोर गेम है और आज विश्व में दूसरे नम्बर पर सर्वाधिक खेला जाने वाला गेम है। डॉ0 धीरेन्द्र तिवारी ने इस गेम के बारे में गहनता से बताया। कार्यक्रम



साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित सेमिनार में अतिथिगण।

को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि साकेत महाविद्यालय द्वारा की गई ये एक अनूठी पहल है इससे इस महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को बास्केटबॉल के बारे में जानकारी होगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्रा कु0 रितू तिवारी, समीक्षा सिंह के ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नाजमीन बानो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 आर0के0 मिश्रा, सिन्धुजा मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, डॉ0 एस0पी0 त्रिपाठी, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला एवं विभिन्न महाविद्यालय से आये हुये प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# यातायात जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों को दी गई जानकारी

## पीबीपीजी कालेज के बच्चों ने निकाली जनजागरुकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज सिटी में परिवहन विभाग द्वारा रविवार को यातायात जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कालेज के एनएसएस से जुड़े स्वयंसेवक शुभी सिंह, सलोनी शुक्ला, सुरभि तिवारी, गजाला फिरदौस, सना अंजुम, शिवांश सिंह, आनन्द कुमार सिंह, सूरज पाल, वैभव सिंह टोली बनाकर जनजागरूकता रैली निकाल कर लोगों को पम्पलेट और विभिन्न नारों से जागरूक किया।

इसके पूर्व प्रथम सत्र में जनपद के महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों को यातायात सम्बन्धित



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व प्राध्यापकगण।

नियमों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने यातायात जागरूकता पर अपनी बात रखी। सेफ्टी मैनेजर पंकज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को यातायात जागरूकता की शपथ दिलाई और यातायात के नियमों के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बृज भानु सिंह ने कहा कि आज यातायात दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौतें हो रही हैं जिसका सबसे बड़ा कारण है कि हम सबको यातायात संबंधी नियमों की सही जानकारी का अभाव। संचालन डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान पीटीओ दिनेश शर्मा, डॉ. निहारिका श्रीवास्तव, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ.सन्तोष कुमार सिंह,डॉ. पीसी यादव, सर्वेश्वर उपाध्याय, रवि प्रकाश सिंह,आरआई रंजीत सिंह, सड़क सुरक्षा अभियान के नोडल सर्वेश्वर उपाध्याय, पीएन दुबे, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## यातायात सुरक्षा वर्तमान समय में नितान्त आवश्यकः अरविन्द

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में यातायात सुरक्षा की जागरूकता हेतु साकेत गर्ल्स पीजी महाविद्यालय की एन0एस0एस0 की छात्राओं द्वारा एक रैली निकाली गई जिसको महाविद्यालय के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यातायात सुरक्षा जागरूकता रैली महाविद्यालय से निकलकर सई नदी के पुल तक ले जाई गई। उसके उपरान्त महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में यातायात सुरक्षा सम्बन्धी एक गोष्ठी भी की गई जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रबन्धक ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी एवं उसका पालन वर्तमान समय में नितान्त आवश्यक हो गया है।

आज सड़क दुर्घटना में बहुत सारे लोग अपनी जान गवाँ रहे है और बहुत सारे लोग शारीरिक रूप से असक्षम होकर अपना जीवन व्यापन कर रहे है। ऐसे में आवश्यक है कि यातायात के नियमों का हम पालन करे और लोगो को जागरूक भी करे कि सभी लोग जो वाहन का प्रयोग करते है यातायात के नियमों का पालन अवश्य करे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## तत्काल रेल टिकट न बनने से नाराज यात्रियों का हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रविवार को काउंटर पर तत्काल का टिकट न बनने से नाराज यात्रियों ने हंगामा किया। उनका आरोप था कि जान बूझकर उनका टिकट नहीं बनाया गया। उन्होंने इसकी शिकायत आरपीएफ और अधिकारियों से की। दलालों का सिंडिकेट हावी होने के कारण यात्रियों का टिकट काउंटर तक पहुंचना ही बहुत बड़ी बात है। उसके बाद टिकट न मिले तो बात खराब होना तय है। फिर अव्यवस्था ही फैलेगी। रविवार को भी इसी तरह की बाइंतजामी के शिकार हुए यात्रियों ने हंगामा मचा दिया। उनका आरोप था कि टिकट काउंटर पर उनका टिकट नहीं बनाया गया। जिससे उन्हें यात्रा से वंचित होना पड़ा। बेगम वॉर्ड के रईस अहमद का आरोप था कि दलालों के अलावा यहां पर किसी का टिकट नहीं बनता है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। महुली के यशवेंद्र का कहना है कि यात्रियों की समस्या से सीआरएस से कोई मतलब नहीं है। वहीं आरक्षण के सूत्रों का कहना है कि दलाल खुद न लगकर अपने लोगों को खड़ा कर देते हैं। एसएस का कहना है कि आरक्षण की व्यवस्था देखना टिकट यात्रियों को कोई समस्या न आने पाए यह देखना सीआरएस और सीएमआई की भी जिम्मेदारी है। फिलहाल वे पता करवा रहें हैं।

# दूरदर्शन के निदेशक बनाये जाने पर एंजिल्स परिवार में हुआ स्वागत


निदेशक लोकेश शुक्ल को सम्मानित करतीं चेयरपर्सन डा0 शाहिदा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले की माटी के लाल आकाशवाणी इलाहाबाद के निदेशक लोकश शुकल को दूरदर्शन इलाहाबाद के निदेशक बनाए जाने पर एन्जिल्स परिवार की ओर से एन्जिल्स सभागार में श्रद्धा अभिनन्दन पत्र अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण के साथ परिवार की मुखिया डॉ शाहिदा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश के पिता बृजभूषण शुकला, विशिष्ट अतिथि डा श्रद्धा सिंह, अध्यक्ष डा संगमलाल त्रिपाठी भँवर थे। संचालन डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने किया।

मृदुल ने अपने मधुर कंठ से सुन्दर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। जहाँ शायर आफताब जौनपुरी, डॉ चन्द्रकांत त्रिपाठी चन्द्र की गजलों ने दिल की गहराइयों में दस्तक दी, वहीं प्रेमकुमार त्रिपाठी की वीर रस की कविता ने आजादी के दीवानो की याद दिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक एव अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। कायर्क्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बी के सोनी ने सबका आभार ज्ञापित किया और लोकेश शुक्ल को जनपद प्रतापगढ की ओर से और विद्यालय परिवार की ओर से इस उपलब्धि के लिये बधाई दी।

### मोबाइल लेकर भाग रहे शातिर को जीआरपी ने दबोचा

**प्रतापगढ़।** ट्रेन से मोबाइल चुराकर भाग रहा शातिर चोर जीआरपी के हत्थे चढ़ गया। उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि उसकी पत्नी निर्दोष बताते हुए छोड़ने की गुहार लगाई। मरुधर ट्रेन खड़ी थी। जीआरपी के। दरोगा वीरेंद्र और हेड कांस्टेबल अजय प्रजापति चेकिंग अभियान थे। इसी बीच एक चोर मोबाइल लेकर ट्रेन से बाहर कूदा। यात्रियों ने शोर मचाया। शोर सुनकर दोनो पुलिस कर्मियों ने पीछा किया और दबोच लिया। एसओ ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम दीनू कश्यप बताया है। दीनू आदेश नगर, न्यू विकास नगर लोनी गाजियाबाद का है। प्रतापगढ़ पट्टी सदहा का रहने वाला है। ट्रेन में यात्री की मोबाइल चुरा कर भाग रहा था। तलाशी में उसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ है। उसे जेल भेज दिया है। घटना की जानकारी होने पर पत्नी ललिता थाने पहुंची। उसने पति को निर्दोष बताया। लेकिन जब पुलिस ने मोबाइल दिखाया और गांव के प्रधान से बात कराई तो दीनू पूरी तरह से चोर साबित हो गया। एसओ ने बताया कि दीनू शातिर है। उसे स्टेशन पर कई बार देखा गया। एक बार दौड़ाया गया था। रविवार को पकड़ लिया गया। पता चला है कि पूर्व एसओ के समय में भी मोबाइल चोरी की घटनाएं हुई। जिसको वे भी रोक नहीं पाए थे।

# नगर पालिका पानी का टैंकर पहुंचा रही मोहल्ले-मोहल्ले

## भीषण गर्मी में शहरवासियों को पेयजल की न हो समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रचण्ड गर्मी झेल रहे शहरवासियों को पेयजल का संकट न हो, इसलिये नगर पालिका रविवार को कई स्थानों पर पानी का टैंकर भेजकर शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराया। पानी का टैंकर पहुंचते ही लोग अपना बर्तन ले करके पानी लेने के लिये भीड़ लगाते देखे गये।

इस बारे में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह का कहना है कि नगर पालिका अधिकांश मोहल्लों में पाइप लाइन द्वारा तथा प्रमुख चैराहों व स्थानों पर वाटर एटीएम से पेयजल उपलब्ध करा रही है, लेकिन जिन मोहल्लों में पेयजल की समस्या सामने आती है, नगर पालिका तुरंत टैंकर भेजकर शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध करा रही है। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह का स्पष्ट निर्देश है कि शहर में पेयजल का संकट कहीं न होने पाए। इसके लिये नगर पालिका के कर्मचारी सूचना मिलते ही मोहल्लों में टैंकर भेज देते हैं। रविवार को भी पुराना माल गोदाम रोड, जोगापुर काशीराम कालोनी सहित चार स्थानों पर टैंकर भेजे गये थे। टैंकर से पानी पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग टैंकर से पानी लेने पहुंच रहे हैं।


टैंकर से पानी लेती महिलाएं।

## वन विभाग की टीम ने पकड़ा भेड़िया का बच्चा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सोनामऊ प्राइमरी स्कूल से सौ मीटर की दूरी पर मिट्टी की मांद में लकड़बग्घा के बच्चे को देख ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गईं। मांद के अंदर छिपे लकड़बग्घे के बच्चे को देखकर गांव के बच्चों ने उसकी फोटो खींच कर गाव में लोगो को दिखाया लकड़बग्घे के बच्चे को देखकर गाँव मे हड़कम्प मच गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पति सुरेश कुमार यादव को दी जिस पर ग्राम प्रधान ने मामले को कालाकांकर फारेस्टर वन विभाग के दिनेश कुमार पटेल को जानकारी दी जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम राजेश बहादुर सिंह गेंदालाल, अमरदीप यादव दिनेश पाल के साथ जाल लेकर सोनामऊ गाव पहुचे और ग्रामीणों की मदद से लकड़बग्घे के बच्चे को किसी तरह जाल में कैद कर लिया जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर 112 पुलिस भी पहुच गई।जिसे वन विभाग की टीम अपने साथ ले गईं। ग्रामीणों ने बताया कि पकड़े गए जंगली जानवर के और भी बच्चे कछार एरिया में घूमते रहते है साथ मे भेड़िया भी रहता है। बच्चे के पकड़े जाने से अभी भी लोग दहशत में है।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा केरावडीह गांव निवासी राजकुमारी सोनकर ने पुलिस को दिये गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गाव के दो लोगों ने मेरी लड़की का हाथ पकड़कर मारा पीटा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिया। आरोप है कि राजकुमारी की गाय पड़ोसी के खेत मे चली गयी थी जिसे पकड़कर बांध लिया था। सुबह जानकारी होने पर जब गाय लेने पहुचे तो मेरी लड़की के साथ दोनो लोगों ने मारपीट किया। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर 151 में चालान कर दिया दूसरा आरोपी फरार हो गया।

## खबर संक्षेप

### पांच तमंचा कारतूस के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन पाताल के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल निर्देशन में थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र स्व0 दशरथ निवासी रामपुर चरवा को एक अदद अवैध तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नानभइया उर्फ ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र दुखीराम निवासी बिंदाव थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से एक अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद होने पर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो आलम पुत्र मो0 राशिद निवासी लखनपुर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व राम कृपाल पुत्र स्व0 राम सजीवन निवासी उमरवल थाना पिपरी को के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर दोनों अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामराज पुत्र भुइयादिन निवासी निजामपुर नौगिरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# पेड़ से लटकती मिली युवक की लाश हत्या की आशंका

**जालौन जनपद का रहने वाला युवक फुलकी की ठेलिया लगाकर परिवार का करता था जीविकोपार्जन**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत बैरमपुर गांव के बाहर एक पेड़ से युवक की लाश लटकी मिली है मौके की परिस्थिति आत्महत्या से इंकार कर रही है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी मिलते ही मौके पर उसके परिजन भी पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक जालौन जनपद के सोनएं निवासी पवन कुशवाहा पुत्र बीरन अषाढा चौराहे पर फुलकी का ठेला लगाकर व्यवसाय करते है और वहीं पर उनके पिता परिवार सहित रहते हैं पवन कुशवाहा की बहन पश्चिम शरीरा के बैरमपुर में राम कुशवाहा


इसी पेड़ से बंधी थी युवक की लाश

के साथ ब्याही है। शनिवार को पवन अपने अपने जीजा राम कुशवाहा के यहां बैरम पुर आया हुआ था जीजा के मुताबिक पवन पैसे की मांग कर रहा था जीजा ने ढाई हजार रुपया पवन को दिया पवन का कहना था कि मैं अपने गांव जाऊंगा मगर आज रविवार सुबह बैरमपुर बाजार स्थित शराब के ठेके के सामने कटहल के पेड़ में पवन का शव लटकता मिला जैसे ही इसकी जानकारी आसपास के लोगों परिवार जनों को पता चली तो हड़कंप मच गया मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष भवानी सिंह ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही गांव के लोगों ने कटहल के पेड़ को देखकर युवक की आत्महत्या पर सवाल उठ रहे हैं गांव में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है थानाध्यक्ष भवानी सिंह का कहना है कि पेड़ से लटकता शव बरामद हुआ है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अन्य विविध कार्रवाई की जा रही है।

### गैस सिलेंडर के रिफिल में डिलीवरी चार्ज के नाम पर मची लूट

**कौशांबी।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल के गैस सिलेंडर एजेंसी में ग्राहकों को सिलेंडर की डिलीवरी के समय सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक की वसूली एजेंसी संचालक और उनके कर्मियों द्वारा बेखौफ तरीके से की जाती है बीते कई वर्षों से गैस रिफिल के समय एजेंसी संचालकों द्वारा अतिरिक्त वसूली की जाती है लेकिन गैस एजेंसी की देखरेख में लगे अधिकारी एजेंसी संचालकों के इस लूट पर कार्यवाही करने से दूर भाग खड़े होते हैं गैस सिलेंडर रिफिल के बाद रकम लेने के बाद ग्राहकों को रसीद नहीं दी जाती हैं। ग्राहकों ने आरोप लगाया है कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल की गैस एजेंसी संचालक और उनके कर्मियों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित गैस रिफिल मूल्य से अधिक की वसूली ग्राहकों से की जाती है जिस ग्राहक ने अधिक मूल्य देने से इनकार किया उसके सिलेंडर को रिफिल करने से एजेंसी संचालक और उनके कर्मी इनकार कर देते हैं जबकि सरकारी नियमों के मुताबिक गैस की रिफिल ग्राहकों के घर पर दी जाती है जिसमें डिलीवरी चार्ज सरकार ने जोड़ रखा है सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर डिलीवरी चार्ज शामिल होने के बावजूद खुलेआम डिलीवरी चार्ज के नाम पर 30 रुपए से लेकर 50 रुपए तक की कालाबाजारी अवैध वसूली एजेंसी संचालक कर रहे हैं मंझनपुर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के गैस एजेंसी में भी ग्राहकों से डिलीवरी मैन गैस रिफिल के समय 30 रुपए अधिक लेकर गैस सिलेंडर को रिफिल कर रहे हैं।



बेनी राम कटरा पुलिस चौकी का दृश्य

## पुलिस चौकी बंद कर पूरे दिन फरार रहते हैं पुलिसकर्मी

**कौशांबी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बेनीरामकटरा पुलिस चौकी को बंद करके चौकी इंचार्ज समेत पुलिसकर्मी पूरे दिन फरार रहते हैं जिससे न्याय के लिए पुलिस चौकी पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं मिलता है पुलिस चौकी केवल एक होमगार्ड के सहारे संचालित हो रही है इलाके के लोगों की बातों को मानें तो पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक और सिपाही पूरे दिन अवैध वसूली मैं मशगूल रहते हैं इलाके से निकलने वाले बालू के ओवरलोड वाहनों से पुलिसकर्मी पूरे दिन वसूली करते हैं बेनीराम कटरा चौराहे पर सड़क और पटरियों पर फल वाले ठेला लगाते हैं जिससे चौराहे के आसपास आए दिन जाम लग जाता है और जाम के चलते अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है लेकिन चौकी पुलिस इन सबसे बेखबर है उसे केवल ओवरलोड वाहन दिखाई पड़ते हैं बीते कई महीने से होमगार्ड के सहारे पुलिस चौकी को छोड़कर चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के फरार होने का यह मामला लगातार प्रतिदिन चल रहा है लेकिन पुलिस आला अधिकारी चौकी इंचार्ज के कारनामों से बेखबर है।

## खेत की रखवाली कर रहे 3 किसानों पर आधी रात को प्राणघातक हमला

**मारपीट करने वाले हिस्ट्री शीटर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र बम्हरौली ग्राम सभा में बीती रात खेत की रखवाली कर रहे 3 किसानों पर बेखौफ बदमाशों ने लाठी डंडा सरिया से प्राणघातक हमला किया है जिससे किसानों को चोटे आई है घायल किसानों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासी नवल सिहं पुत्र सत्यनारायण यादव बरमदीन पुत्र गणेश प्रसाद चौरसिया रामपाल पुत्र स्वर्गीय प्रहलाद खेतों की रखवाली कर रहे थे समय अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर गंभीर रूप से तीनों किसानों को घायल कर दिया। इसके बाद पड़ोस के गांव के मंजरा कलुहापुर में बदमाश उदय पुत्र भुखल के घर में चोरी करने की नियत से छत पर पहुंच गए। इसी दौरान जगहट होने के कारण ग्रामीणों ने बदमाशों को दौड़ा लिया। बदमाश हवा में फायर करते हुए भागने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने मंझनपुर थाना क्षेत्र के चौकी शमशाबाद अंतर्गत रहने वाले हटवा गांव के हिस्ट्रीशीटर बदमाश पंचम लाल पुत्र मुन्सी लाल को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को हिस्ट्रीशीटर बदमाश पंचम लाल ने बताया कि उन्होंने खेत में रखवाली करने वाले ग्रामीणों को सरिया और लाठी डंडों से पीट-पीटकर अधमरा करने के बाद पड़ोसी गांव में चोरी करने की नियत से गए थे। लेकिन जगहट होने के कारण ग्रामीणों ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। जबकि दो अन्य बदमाश साथी फरार हो गए है एक का नाम पंचम लाल ने पुलिस को बताया है। जबकि दूसररों का नाम अभी खुलासा नहीं किया।

### ओवर लोड लदे 10 वाहनों को किया सीज

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा ओवर लोड वाहनों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में उपनिरीक्षक दीपक मिश्रा चौकी प्रभारी अर्का महावीरपुर द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान खनन विभाग व एआरटीओ की उपस्थिति में कुल 09 अदद ट्रैक्टर व 01 अदद ट्रक ओवर लोड बालू लदा हुआ सीज किया गया। जिन्हें आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये थाना परिसर में लाकर खड़ा कराया गया आजमगढ़ प्रतापगढ़ सहित कई जनपद के वाहन चालक ओवरलोड बालू खनन में लगे हैं शासन के निर्देश पर अवैध ओवरलोड बालू लदे वाहनों को सीज किया गया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त प्रेम चन्द उर्फ गन्ना पुत्र विश्राम पासी निवासी कमालपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सरकारी तालाब से करोड़ों की मिट्टी चोरी कर रहे एनएचआई के ठेकेदार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के ककोड़ा गांव में 9 बीघे के सरकारी तालाब से एनएचआई के ठेकेदार बीते कई महीने से करोड़ों की मिट्टी चोरी कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं जिससे सरकार को राजस्व की बड़ी हानि हो रही है जिले के अन्य क्षेत्रों में भी तमाम सरकारी तालाबों में मिट्टी चोरी का यह खेल बेखौफ तरीके से हो रहा है सरकारी तालाब और बंजर ऊसर की जमीन से मिट्टी चोरी का यह खेल वर्षो पूर्व शुरू हुआ है लेकिन वर्षो से मिट्टी चोरी के इस मामले में अधिकारी बेखबर है जेसीबी मशीन लगाकर सरकारी तालाबों से मिट्टी की खुदाई बेखौफ तरीके से हो रही है एनएचआई के ठेकेदार दर्जनों डंपर और ट्रैक्टर लगाकर सरकारी तालाब से प्रति दिन मिट्टी ले जा रहे हैं ऐसा नहीं कि यह मामला कुछ दिन से चल रहा है बीते कई महीने से अवैध तरीके से मिट्टी चोरी का खेल ठेकेदार खेल रहे हैं लेकिन अभी तक मिट्टी चोरी करने वाले ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है राजस्व के नुकसान की भरपाई के लिए उन पर जुर्माना लगाकर भू राजस्व की भांति वसूली कराने का प्रयास अभी तक


सरकारी तालाब से मिट्टी खनन करता जेसीबी मशीन

तहसील अधिकारियों ने नहीं किया है जिससे उनकी मनसा बहुत कुछ बयां कर रही है यदि सूत्रों की माने तो राजस्व निरीक्षकों की संलिप्तता के चलते सरकारी तालाबों से करोड़ो की मिट्टी की चोरी हो रही है राजस्व निरीक्षकों की भूमिका सवालों के घेरे में है और यदि आला अधिकारियों ने मिट्टी चोरी के मामले की जांच कराई तो खनन करने वाले ठेकेदारों के साथ साथ राजस्व निरीक्षकों पर मुकदमा दर्ज होना निश्चित है लेकिन क्या मिट्टी चोरी के इस मामले में शासन प्रशासन गंभीर होते हुए अवैध खनन पर रोक लगाकर दोषियों को दंडित करेगा या जांच के नाम पर सब कुछ लीपापोती होती रहेगी।

## न्यूज झरोखा

### गौशाला है य गौवंशों की कब्रगाह, भ्रस्टाचारी गौवंशों का खा रहे चारा पानी,तड़प रहे गौवंश



**अझुवा कौशाम्बी।** विकास खण्ड कड़ा के ग्राम पंचायत गिरधर पुर गढ़ी में बना हुआ गौशाला इन दिनों बीमारी, अव्यवस्था से जूझ रहा है, जहाँ पर योगी सरकार गौशाला में सभी आवश्यक सामाग्री व गायों की देखभाल के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी है, इलाज हेतु पशु अधिकारियों की जिम्मेदारी दी गई है इन दिनों इस गौशाला में किसी भी जिम्मेदारो की नजर ही नहीं पडती है इससे साफ - साफ दिखाई देता है कि जहाँ पर योगी सरकार द्वारा गायों की सम्पूर्ण देखभाल करने के लिए गौशाला का निर्माण कराया है जिसमें इस गौशाला की गायें असुरक्षित हैं,जिसके चलते गौशाला की गायों को भरपेट चारा पानी चोकर तो छोड़िए सूखा भूसा भी नहीं मिल पाता और अव्यवस्था और बीमारी के चलते गौशाला में गायों की मौतें हो रही हैं बीमार गायों को कौव्वे नोंच रहे हैं गायें तड़प तड़प कर मर रही हैं अरे इससे अच्छा तो बूचड़ खाना ही ठीक जहां एक बार मे मौत मिलती है जिम्मेदार गायों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में गांव गांव कस्बों में गौशाला का निर्माण करा कर अरबों खरबों कि सरकारी संपत्ति खजाने से खाली कर दी या यूं कहें जिम्मेदारों के लिए कमीशन रूपी कुबेर का खजाना खोल दिया !सरकार ने कहा था कि गोवंश की बेवजह मौत नहीं होगी लेकिन योगी सरकार की यह योजना अन्य योजनाओं की तरह केवल सरकारी अभिलेखों तक सीमित रह गई है या यूं कहें जिम्मेदार गौवंशों को नोच नोचकर खा रहे हैं तो कुछ बुराई नही हैं।

### पैरोकारों व मानीटरिंग सेल के कर्मचारियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र




**कौशाम्बी।** शासन की 100 दिन की कार्य योजना के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति के विशेष अभियान के संचालन की अवधि में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बच्चो के विरूद्ध अपराधों में अभियोजन की कार्यवाही के अन्तर्गत मानीटरिंग सेल व जनपद के सभी थानों के पैरोकारों द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये न्यायालय द्वारा अभियुक्तो को सजा दिलायी गयी उत्साह वर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी पैरोकारो अभियोजन व मानीटरिंग सेल के कर्मचारियों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे।

### सीओ के साथ कोतवाल ने किया मंझनपुर कस्बे में पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर ने पुलिस बल के साथ मंझनपुर कस्बे की सड़कों में पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास कराया है पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ने बिना हेलमेट संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वाहन की चेकिंग की और दुकानदारों से बातचीत कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगवाने का सुझाव दिया एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बातचीत करके नगर वासियों को सुरक्षा का एहसास कराया गया

### वाहन की टक्कर से भट्ठ मजदूर की मौत



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलाहा के समीप जीटी रोड पर वाहन की टक्कर से भट्ठा मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। भट्ठा मजदूर को टक्कर मारने के बाद मौके से वाहन लेकर चालक फरार हो गया। सूचना पाकर महगांव चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा लिखकर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन की खोजबीन शुरू कर दी है। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी कृष्णा पुत्र स्व बैजनाथ उम्र लगभग 55 वर्ष रसूलाबाद उर्फ कोइलाहा स्थित भट्ठा में मजदूरी कर परिवार का पालन - पोषण करता था। दिनभर काम करने के बाद किशन लाल शाम 6 बजे काजीपुर बाजार जा रहे थे, लेकिन रसूलाबाद उर्फ कोइलाहा के समीप पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से आकर टक्कर मार दिया जिससे किशन लाल की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। किशन लाल के मौत की खबर परिजनों को मिली तो परिवारजनों के बीच कोहराम मच गया

# अधिकारी स्वच्छता का लगा रहे नारा गन्दगी से बजबजा रहे गांव

**सरकारी रकम बर्बाद करने वाले अधिकारियों के कारनामों पर यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो कई अधिकारियों की मुसीबत बढ़ सकती है, सेवा से बर्खास्त करना तो दूर नहीं हुआ निलंबन पंचायत विभाग के अधिकारी निरंकुश सफाई कर्मियों के वेतन भी नहीं रोक सके**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता मिशन में करोड़ों की रकम सरकारी खजाने से खर्च करने के बाद गांव की हालत बदतर बनी हुई है जिले के अधिकतर गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है योजना से जुड़े अधिकारी लगातार स्वच्छता मिशन की सफलता का ढिंढोरा पीट रहे हैं आए दिन कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता अभियान की सफलता पर बड़े बड़े भाषण दिए जा रहे हैं जबकि हकीकत इससे बहुत दूर है गांव-गांव भीषण गंदगी व्याप्त है जिले में साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है आधे से अधिक सफाई कर्मी गांव में सफाई करने नहीं जाते हैं कुछ सफाई कर्मी अपने स्थान पर दैनिक मजदूरों की ड्यूटी लगा कर महीने में कुछ दिन गांव की सफाई करा देते हैं डियूटी ना देने वाले सफाई कर्मियों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक महीने करोड़ों का भुगतान भी किया जा रहा है स्वच्छता अभियान में अधिकारियों की कारगुजारी बेहद चौंकाने वाली है। एक तरफ मोदी और योगी सरकार स्वच्छ भारत अभियान में


गांव में व्याप्त गंदगी

जोर लगा रही है दूसरी तरफ उन्ही के अधिकारी स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने में लगे हैं शिकायत करने के बाद भी अधिकारी गंभीर नहीं हो रहे हैं जिससे यह योजना केवल खाने कमाने का साधन बनकर रह गई है जिले के नेवादा विकासखंड क्षेत्र के दरहा ग्राम पंचायत में कई महीनों से सफाई कर्मी गांव नहीं पहुंचा है ग्रामीण कई महीने से बार-बार गांव में व्याप्त गंदगी की शिकायत अधिकारियों से कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी निरंकुश सफाई कर्मी के कारनामे पर अंकुश नहीं लग सका है।

इतना ही नहीं पंचायत विभाग के अधिकारी निरंकुश सफाई कर्मियों के वेतन को भी नहीं रोक सके हैं जिस सफाई कर्मी को सेवा से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए उसका अभी तक निलंबन भी नहीं हुआ है जिससे अधिकारियों की मंशा बहुत कुछ कह रही है स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगाकर सरकारी रकम बर्बाद करने वाले अधिकारियों के कारनामों पर यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो कई अधिकारियों की मुसीबत बढ़ सकती है लेकिन क्या योगीराज में चौपट सफाई व्यवस्था के मामले में निष्पक्ष तरीके से जांच हो पाएगी इस पर सवाल गांव की जनता खड़ा कर रही है।



शतरंज खिलाड़ी

## शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान दूसरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान दूसरी प्रतियोगिता का आयोजन स न शिशु शिक्षा मंदिर विद्यालय सराय अकिल में 29 मई को किया गया है जिसमें 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया यह प्रतियोगिता 5 चरण में की गई जिसके परिणाम में बालक वर्ग पहला स्थान - गौरव गर्ग दूसरे स्थान - संचिता यादव तीसरा स्थान- संकल्प अरोड़ा चौथा स्थान - प्रणव शुक्ला पांचवां स्थान- चंद्र प्रकाश छटवां स्थान - इन्द्र श्याम सिंह सांतवा स्थान - इस्माइल सिद्दकी आठवा स्थान - अनमोल सिंह नवा स्थान - संस्कृति यादव दसवां स्थान - अनुराग पाण्डेय को मिला बालिका वर्ग में पहला स्थान - संस्कृति यादव दूसरे स्थान पर - दीपांजलि तीसरा स्थान - आरोही को मिला अंडर - 7 में पहला स्थान - इस्माइल सिद्दकी दूसरे पर स्थान - संस्कृति यादव रहे सचिव ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को इस तरह का आयोजन कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य शतरंज का बढ़ावा है पुरुस्कार वितरण समारोह पूर्व स्टेट चैम्पियन रहिसुद्दीन खान (बॉबी) द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया इस समारोह में राघवेंद्र शुक्ला अनुराग पाण्डेय मौजूद रहे हैं आयोजन का संचालन आर्बिटर विमल मिश्रा ने किया।

## माफिया बना विद्युत एसडीओ चायल डिवीजन पर कब्जा!

अखंड भारत संदेश

**3 वर्षों में अवैध तरीके से करोड़ों की वसूली कर संपत्ति बनाने वाले एसडीओ के कारनामे की जांच हुई तो इनकी बर्खास्तगी और गिरफ्तारी होना है तय**

**भरवारी कौशांबी।** विद्युत विभाग चायल डिवीजन में तैनात एक विद्युत एसडीओ विभागीय अधिकारी के बजाए माफिया ज्यादा बन चुके हैं अपने समकक्ष अधिकारियों को वह विभाग में रुकने नहीं देते हैं 8 पावर हाउस क्षेत्र में उन्होंने पूरी तरह से माफियाओं की तरह कब्जा जमा रखा है विभाग के अधिकारियों ने 8 पावर हाउस क्षेत्र में दूसरे एसडीओ की तैनाती बीते साढ़े तीन वर्षों से नहीं की है चायल डिवीजन क्षेत्र में बीते साढ़े तीन वर्षों से एक स्थान पर तैनात एसडीओ के आतंक से विद्युत उपभोक्ता त्राहि-त्राहि कर रहे हैं आए दिन विद्युत उपभोक्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करा कर वसूली में विद्युत एसडीओ को महारत हासिल है सूत्रों की माने तो साढ़े 3 वर्षों की तैनाती के दौरान विद्युत एसडीओ ने अवैध तरीके से करोड़ों रुपए की वसूली की है कुछ समय में लग्जरी गाड़ी आलीशान बंगला करोड़ों के बैंक बैलेंस सहित अकूत संपत्ति के स्वामी विद्युत एसडीओ बन चुके हैं जो बड़ी जांच का विषय है और अवैध वसूली में लिप्त विद्युत एसडीओ के कारनामों की यदि शासन ने लोकायुक्त से जांच कराई तो उनकी बर्खास्तगी और उनकी गिरफ्तारी तय है लेकिन उसके बाद भी प्रबंध निदेशक और विद्युत चेयरमैन ने एसडीओ की अवैध वसूली के मामले को गंभीरता से जांच कराते हुए इन्हें निलंबित बर्खास्त कर गिरफ्तार कराने का प्रयास नहीं किया है । चायल डिवीजन कार्यालय में तैनात विद्युत एसडीओ को नगर पालिका भरवारी क्षेत्र में जिम्मेदारी सौंपी गई है लंबे समय से इसी क्षेत्र में विद्युत एसडीओ तैनात हैं शासन के निर्देश पर सभी अधिकारी कर्मचारी का 3 वर्षों में स्थानांतरण होता है तमाम कर्मचारी अधिकारियों का स्थानांतरण तो समय से पहले भी हो जाता है लेकिन इनके ऊपर अधिकारी मेहरबान हैं। दलालों से इनकी गहरी पैठ है और दलालों के सहारे विद्युत उपभोक्ताओं का आए दिन यह उत्पीड़न करते हैं जांच के नाम पर निर्दोषों पर विद्युत चोरी का झूठा आरोप लगाकर उनसे धना दोहन करते हैं और जिन विद्युत उपभोक्ताओं से अवैध धन नहीं मिलता है। उनके विरुद्ध झूठे आरोप

**मौत के कगार पर खड़े झूलते विद्युत तार को ठीक करने के बजाय करोड़ो की अवैध वसूली में लिप्त एसडीओ**



लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं को प्रताड़ित करते हैं सूत्रों की माने तो करोड़ो रुपए की अवैध वसूली में एसडीओ विद्युत लिप्त है। अवैध वसूली में लिप्त एसडीओ विद्युत के कारनामे के चलते पूरे चायल डिवीजन की विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई है जगह-जगह विद्युत तार झूल रही हैं जिससे विद्युत हादसे की आशंका भी प्रबल होती जा रही है झूलते विद्युत तार से पूर्व में कई लोग हादसे के शिकार भी हो चुके हैं इतना ही नहीं भरवारी कस्बे सहित तमाम क्षेत्रों में मकड़जाल की तरह विद्युत तारे खम्भे के पास झूल रही हैं जिन्हें ठीक करने में यह अपनी उर्जा नहीं लगा रहे हैं बल्कि अवैध वसूली में उर्जा लगाकर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर गांव ग्रामीण क्षेत्र में कराए गए विद्युतीकरण योजना इलाके में पूरी तरह से फेल हो चुकी है घटिया क्वालिटी के विद्युत केबिल और तारे लगाई गई हैं जिससे विद्युत सप्लाई ठीक से नहीं हो पाती है और गांव ग्रामीण क्षेत्र की आम जनता को मोदी सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

# चिप लगाकर पेट्रोल पंपों में ग्राहकों को दिया जाता है कम तेल

अखंड भारत संदेश

**पेट्रोल पंपों में नाप में हेराफेरी का बेखौफ चल रहा खेल अधिकारी जता रहे विवशता**

**कौशाम्बी।** पेट्रोल पंप में डीजल और पेट्रोल की नाप में ग्राहकों को कम तेल दिया जाता है पंप की मशीनों में चिप लगाकर तेल की नाप की जाती है सब कुछ बेखौफ तरीके से जिले में खुलेआम चल रहा है पेट्रोल पंप संचालक आम जनता के साथ-साथ अधिकारियों और नेताओं को भी पेट्रोल डीजल के नाप के समय लूटने में गुरेज नहीं कर रहे हैं लेकिन फिर भी पेट्रोल पंप की जांच में अधिकारी अपनी विवशता बताते हैं उनका कहना है कि सरकार ने टीम गठित कर पेट्रोल पंप की जांच करने का निर्देश दिया है और सभी विभाग के अधिकारी एक होकर जांच करने नहीं पहुंचते हैं इसका फायदा बेखौफ पेट्रोल पंप संचालक उठा रहे हैं। 15 वर्षो पूर्व पेट्रोल पंप में चिप लगाए जाने का यह खेल शुरू हुआ जो रुकने का नाम नहीं ले रहा है जैसे ही पंप की मशीन का नाजूल दाब कर पम्प कर्मी वाहन में तेल की नाप शुरू करते है पेट्रोल पंप का मीटर जंप कर जाता है जीरो पॉइंट से सीधा पांच और छः पॉइंट पर पंप की मशीनों का मीटर पहुंच जाता है। इस मामले में कई बार पंप की मशीनों की गहनता से जांच करने का प्रयास किया गया लेकिन जीरो प्वाइंट के बाद एक से लेकर चार प्वाइंट तक पेट्रोल पंप का मीटर नहीं शुरू होता है जिससे प्रतिदिन ग्राहक लूटे जाते हैं पंप संचालकों के इस कारनामे पर विभागीय अधिकारियों की भी संलिप्तता है। इंडियन ऑयल हिंदुस्तान पैट्रोलियम भारत पैट्रोलियम सहित लगभग सभी पेट्रोल पंप की स्थिति एक जैसी है। खुलेआम ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर तेल में नाप कम किए जाने के मामले में जिला पूर्ति अधिकारी से लेकर बाट माप अधिकारी और तेल एजेंसियों के अधिकारी कभी एक साथ पंप में जांच करने नहीं पहुंचना चाहते हैं । कभी बड़े अधिकारियों और नेताओं के दबाव में किसी पंप की जांच हुई तो उसमें भी उन्हें बचाने का प्रयास किया जाता है क्योंकि पेट्रोल पंप के नियम के मुताबिक 5 लीटर से कम तेल की नाप नहीं की जा सकती यही मशीन जब 5 लीटर पर पहुंचती है तो फिर एक बार जंप कर जाती है जिससे 5 लीटर की नाप में तेल पूरा हो जाता है लेकिन आधा लीटर 1 लीटर 2 लीटर 3 लीटर 4 लीटर तेल लेने पर ग्राहकों को तेल कम मिलता है। तेल की नाप में कमी किए जाने की कई बार शिकायत भी हो चुकी हैं लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती ही होती है जिससे लगता है कि पूरा सिस्टम ही खराब हो चुका है ग्राहकों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पेट्रोल पंप में लगाए गए चिप के मामले को गंभीरता से लेते हुए पंप की जांच कराकर तथा लाइसेंस निरस्त किए जाने व कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

संपादकीय

# आंतरिक-बाह्य सुरक्षा से सतर्क रहने की जरूरत

**भारत** संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक,स्तर पर स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक लोकतांत्रिक पर निष्ठुर, निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश नेअपनी नीतियों के माध्यम से सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, विविधताऔर विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने के प्रयास के कारण अशांत रही  है भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से अब शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में अवस्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है।

मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं।

# पानी की हर बूंद अमृत, नहीं सहेजा तो 'जल' जाएगा कल

दीपक कुमार त्यागी

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री "नितिन गडकरी" के कुशल नेतृत्व में "भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)" के द्वारा बहुत तेजी के साथ बनाया जा रहा है, जिससे देश में आज व भविष्य के लिए एक बेहद मजबूत विकास पथ मजबूत नींव के साथ तैयार हो रहा है। "21वीं सदी के आधुनिक भारत के विकास पथ की मजबूत नींव रखने के कार्य को तेजी प्रदान करने का श्रेय भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री "नितिन गड़करी" की कार्यशैली व दूरगामी सोच को जाता है**

""नितिन गडकरी" देश-दुनिया की एक ऐसी दूरदर्शी विचारों वाली शानदार शख्सियत हैं, जिनके लिए हमेशा जनहित, देशहित व आधुनिक भारत का निर्माण  सर्वोपरि रहा है। वह दूरगामी दृष्टिकोण से युक्त एक ऐसे कुशल प्रशासक हैं जिनका हर हाल में सकारात्मक परिणामों को हासिल करना लक्ष्य होता है। वह एक ऐसे विजनरी राजनेता हैं जो जनहित व देशहित की नीतियों का निर्माण करते हुए उनको धरातल पर मूर्त रूप देने में समक्ष हैं। वह देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए लोकतंत्र को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने की क्षमता रखने वाले एक कुशल राजनेता हैं। वह अच्छे से जानते हैं कि मानव सभ्यता के सर्वांगीण विकास के लिए व उसके जीवन को सरल बनाते हुए उसका आर्थिक विकास करने के लिए देश में छोटे-बड़े संपर्क मार्ग यानी सड़कों के जाल का बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। गडकरी जानते हैं कि आदिकाल से लेकर के आज के आधुनिक काल तक में हर सभ्यता में सड़कें हमेशा उस क्षेत्र में सर्वांगीण विकास का सबसे सरल व सशक्त माध्यम बनती आयी हैं, यह स्थिति आज के आधुनिक समय में भी निरंतर जारी है। आज के आधुनिक युग की बात करें तो सम्पूर्ण विश्व में जहां-जहां भी बेहतरीन अच्छे ढंग से उच्च मापदंडों पर आधारित सड़कों का जाल बना हुआ है, वह क्षेत्र उस देश के आर्थिक विकास के लिए सरकारी कोष में बड़ा राजस्व देकर के अपना बड़ा आर्थिक योगदान देकर अहम भूमिका निभाने का कार्य कर रहा है। भारत में भी मौजूदा समय में हर तरफ विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस उच्च गुणवत्ता पूर्ण बेहतरीन सड़कों का जाल

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री "नितिन गडकरी" के कुशल नेतृत्व में "भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)" के द्वारा बहुत तेजी के साथ बनाया जा रहा है, जिससे देश में आज व भविष्य के लिए एक बेहद मजबूत विकास पथ मजबूत नींव के साथ तैयार हो रहा है। "21वीं सदी के आधुनिक भारत के विकास पथ की मजबूत नींव रखने के कार्य को तेजी प्रदान करने का श्रेय भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री "नितिन गड़करी" की कार्यशैली व दूरगामी सोच को जाता है, क्योंकि उनके दिशानिर्देश व कुशल ओजस्वी नेतृत्व में आज "भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)" देश में विश्वस्तरीय सड़कों का निर्माण करके, सड़क निर्माण के



क्षेत्र में सफलता के नित-नये विश्वस्तरीय आयाम स्थापित करने का कार्य कर रहा है।" आज 21वीं सदी के आधुनिक भारत को विकास पथ पर तेज रफ्तार देने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री "नितिन गडकरी" दिन-रात एक करके पूरी टीम के साथ कार्य कर रहे हैं। क्योंकि "नितिन गडकरी" यह अच्छे से जानते हैं कि किसी भी देश के आर्थिक विकास का मार्ग वहां पर सड़कों के बेहद मजबूत जाल के आधारभूत ढांचे के निर्माण से ही निकलता है। आज देश में उनके नेतृत्व में सड़क निर्माण के क्षेत्र में नित-नये विश्व रिकॉर्ड बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं "नितिन गडकरी" देश में बढ़ते क्रूड ऑयल के खर्च को कम करने के लिए निरंतर प्रयास करने का कार्य कर रहे हैं, वह देश में ईंधन के वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों व उनके प्रयोग का पता लगाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी विजन के तहत "नितिन गडकरी" ने मेथनॉल को डीजल का विकल्प बताते हुए, इसे डीजल से सस्ता ईंधन बताया है और डीजल इंजन को मेथनॉल से चलने वाले इंजन में बदलने की तकनीक को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है, उनका मानना है मेथनॉल बेस्ड फ्यूल सिस्टम को बढावा देने से निश्चित रूप से देश के लिए सकारात्मक परिणाम होगा। वह देश में निरंतर इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रहे हैं और वह इन वाहनों की कीमत कम करने व सुरक्षा के मानदंडों पर खरा उतरने के लिए लगातार वाहन निमार्ता कंपनियों से कार्य करवा रहे हैं। "नितिन गडकरी" देश में वैकल्पिक ऊर्जा को प्रोत्साहन देने पर लगातार काम कर रहे हैं, इस योजना के अंतर्गत ही कुछ दिन पहले ही उन्होंने देश के सामने पहली हाईड्रोजन ईंधन बेस कार पेश करके ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में एक बड़ी पहल करने का कार्य किया था, विजनरी गडकरी यह अच्छे जानते हैं कि हाईड्रोजन ईंधन देश-दुनिया में क्रूड ऑयल का भविष्य में बेहद अहम विकल्प बन सकता है, वह परिवहन व्यवस्था का भविष्य है, इसलिए इस तकनीक पर समय से कार्य करना बेहद आवश्यक है, जिसके दम पर भारत हाईड्रोजन ईंधन आधारित तकनीक में देश का लाभ करते हुए दुनिया को राह दिखाते हुए आर्थिक रूप से संपन्न हो सकता है। "नितिन गडकरी" ने ही देश में माल ढुलाई के लिए विभिन्न जलमार्गों को बढ़ावा देने का कार्य किया है, क्योंकि वह अच्छे से जानते हैं यह देश में एक बेहद सस्ता विकल्प मौजूद है, जिसका उपयोग करके धन, समय व पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। "वैसे केन्द्रीय मंत्री "नितिन गडकरी" की कार्यशैली को देखा जाये तो प्रत्येक आम आदमी को भी यह स्पष्ट रूप से नजर आयेगा कि उनका लक्ष्य देश में जल्द से जल्द वैश्विक मानकों के अनुरूप राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का निर्माण करके अत्याधुनिक सड़कों का जाल बिछाकर, राष्ट्र की मौजूदा व भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, भारत सरकार के द्वारा तय मानदंडों के रणनीतिक ढांचे के भीतर सबसे अधिक समयबद्ध ढंग से, कम से कम लागत में विश्व स्तरीय राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण व रखरखाव करते हुए, देश में सड़क पर चलने वाले प्रत्येक आम व खास वर्ग के हर उपयोगकर्ता की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए, वाहन प्रदूषण को कम करते हुए, देशवासियों के जीवन को सड़क पर चलते हुए सुरक्षित रखते हुए, उन्हें विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता पूर्ण सुविधाएं देना और देश के विकास के पथ की नींव को मजबूत करके देश में आर्थिक विकास के नित-नये आयाम स्थापित करना है, जिसके लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं।" देश में दिन-प्रतिदिन गंभीर होती प्रदूषण की समस्या के निदान के लिए "नितिन गडकरी" ने ही देश में जैव-ईंधन, ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देकर प्रदूषण में कटौती करने के लिए धरातल पर एक ठोस कारगर पहल करने का कार्य किया है। "नितिन गडकरी" ने देश में सड़क किनारे वृक्षारोपण के लिए हरित राजमार्ग नीति की वर्ष 2015 में शुरूआत करके देश में ग्रीन नेशनल हाईवे कारिडोर प्रोजेक्ट शुरू करने का कार्य किया है, जिससे भविष्य में लोगों को रोजगार मिलने व पर्यावरण संरक्षण होने के दोनों कार्य होंगे। वर्ष 2017 में जब "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी" ने भारत के अब तक के सबसे बड़े राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत "भारतमाला परियोजना" की घोषणा की थी, तो उस वक्त भारी भरकम बजट वाली "भारतमाला परियोजना" की सफलता पर देश के बहुत सारे लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था, क्योंकि इसके प्रथम चरण के अंतर्गत ही 5,35,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों को अपग्रेड करने की एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी थी। जिस चुनौती को केन्द्रीय मंत्री "नितिन गडकरी" ने स्वीकार किया और फंड की व्यवस्था करवाकर "भारतमाला परियोजना" पर "एनएचएआई" को दिशानिर्देश देकर युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश देकर धरातल पर निर्माण कार्य को तेजी के साथ शुरू करवा दिया, इस परिजनों की कार्यक्रम की अवधि वर्ष 2017-2018 से वर्ष 2021-2022 तक है। जिसके चरण-1 में कुल 34,800 किलोमीटर सड़कों का विकास होना है, जिसमें से 5,000 किलोमीटर राष्ट्रीय कॉरिडोर, 9,000 किलोमीटर आर्थिक कॉरिडोर, 6,000 किलोमीटर फीडर कॉरिडोर और इंटर कॉरिडोर, 2,000 किलोमीटर सीमावर्ती सड़कें 2,000 किलोमीटर तटवर्ती सड़कें एवं बंदरगाह संपर्क सड़कें, 800 किलोमीटर हरित क्षेत्र एक्सप्रेस वे और 10,000 किलोमीटर अधूरे सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। यह परियोजना देश में महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के अंतराल को कम करके देशभर में सड़क यातायात गतिविधि की क्षमता को बढ़ाने का वादा करती है।

# फेल बनेगा मंत्री, पास बनेगा संतरी

सुनील कुमार महला

**परीक्षा** में फेल होना भी एक कला है। फेल होने के लिए भी अथक मेहनत करनी पड़ती है। फेल होना आसान काम नहीं है। जो फेल होगा वो मंत्री बनेगा, जो पास होगा वो संतरी बनेगा। आज फेल वाले का हुक्म चलता है, जो होता है पास, वो फेल वाले के समक्ष पानी भरता है। फेल होना हरक्यूलियन टॉस्क है। अजी ! फेल होने के लिए आपको स्कूल से लगातार अनुपस्थित रहना पड़ेगा, तब जाकर फेल होने का तमगा हासिल होगा। फेल होने के लिए दिखावा करना जरूरी है। मसलन किताबों को पढ़ने के लिए सिर्फ उन्हें लेकर बैठा रहना होता है। पढ़ना नहीं होता है, पढ़ने का तो बस नाटक मात्र ही करना होता है। फेल होने के लिए परीक्षा में उत्तरपुस्तिकाओं को कोरा छोड़ना होता है। परीक्षा से पहले स्कूल जाने का बहाना करते हुए बीच में ही क्लास से लगातार बंक मारना होता है। फेल होने के लिए स्कूली टाइम में दोस्तों के साथ फिल्म विल्म देखनी होती है। क्रिकेट , विडियो गेम या अन्य गेम सेम खेलने होतें हैं। वैसे आज की दुनिया में जो फेल होता है, वही कामयाब है, वही लाजवाब है। वो हमारे मोहल्ले वाले रामलुभाया जी पांचवीं पांच बार फेल हैं, आजकल नेता बनकर मौज काट रहे हैं। पढ़े लिखे लोग उनके आगे पीछे पानी भरते हैं। इधर देखें, चाहें उधर देखें, सब तरफ फेल होने वालों के कारनामे हैं।उन्होंने ही कामकाज को पहनाये जामे हैं। फेल होने में मौज ही मौज है। फेल से बढ़ता ओज है। अब आप देखें न कि हमारे खासमखास तोताराम जी की ससुराल में आजकल अधिकतर वे ही लोग विद्यालयों का धड़ाधड़ संचालन कर रहे हैं, जो खुद पांचवीं फेल हैं। खुद फेल हैं लेकिन हजारों बच्चों को पढ़ाने में लगे हैं। फेल पढ़ा रहा है, जलवा दिखा रहा है। अजी ! पढ़ेंगे तो पास हो जायेंगे और यदि पास हो जायेंगे तो बेरोजगार घूमना पड़ेगा। इसलिए जीवन में पास होना जरुरी नहीं है। फेल होना अति आवश्यक है। फेल होने पर आदमी को जीवन का तजुर्बा हासिल हो जाता है। फेल होने का फायदे ही फायदे हैं। नयी किताबों, नयी स्टेशनरी पर इस महंगाई में खर्च नहीं करना पड़ता। नयी यूनिफॉर्म, नये जूते जुराब नहीं खरीदने पड़ते। जब आप लगातार एक ही क्लास में रहते हैं तो क्लास टीचर आपसे दोस्त जैसा व्यवहार करने लगता है। आपके संबंध मित्रवत हो जाते हैं।

आपको बार-बार एक ही क्लास में रहने से विभिन्न प्रकार का एक्सपीरियंस गेन हो जाता है। लेकिन फेल होने में, ये जो सरकारें हैं न, ये अपना अडंगा अड़ा रही हैं।आजकल सरकारों ने आठवीं तक किसी को भी फेल नहीं करने का निर्णय लिया है। कर दिया न सत्यानाश ! अब सभी पास हो जायेंगे तो बेरोजगारी फिर से बढ़ेगी। सरकार को बेरोजगारी की चिंता होनी चाहिए। बेरोजगारी घटाने के लिए फेल करना जरूरी है। सरकार चलाने के लिए भी फेल होना जरूरी है, क्योंकि फेल होंगे तो वही तो मंत्री बनेंगे। पास होने वाला कहाँ मंत्री बनता है आजकल ? ये सरकार ने जो बच्चों को फेल नहीं करने का निर्णय लिया है न, ये निर्णय है न ; बच्चों के लिए घातक सिद्ध हुआ है। अब हमारे बच्चे मंत्री कैसे बनेंगे ? मंत्री ही नहीं होंगे तो सरकार कैसे बनेगी ? जरूर यह सरकार की चाल है, क्योंकि सरकार कभी भी यह नहीं चाहती है कि हम भी कभी मंत्री संत्री बनें और हम सरकार चलायें। सरकार का मकसद है कि हम पास होते रहें और वह मस्ती से अपनी सरकार चलाती रहे। हम पास होते रहेंगे तभी तो सरकार भी चलती रहेगी। खैर, फेल होने के तजुर्बा चाहिए और तजुर्बा ही आदमी को कामयाब बनाता है और यह तजुर्बा हमारी सरकारों को बखूबी आता है। जो फेल होता है, उसके न कोई टेंशन है, वही होता हर जगह मेंशन है। फेल में प्रसिद्धि है, वाह वाही है। फेल में सुकून की नींद है। आज के जमाने में फेल होने की जरूरत सख्त है, क्योंकि सब टेंशन में जी रहे हैं।

जो फेल होता है उसे कोई टेंशन नहीं होती,क्योंकि टेंशन होती तो फेल ही नहीं होता। अजी !फेल होने पर आदमी को अपनी कमजोरियों के बारे में पता चलता है और आदमी जीवन में स्ट्रांग बनता है। फेल हुआ व्यक्ति ही सफलता ही सीढ़ी चढ़ सकता है। इसलिए फेल होना सीखें।

## चिंतन

# हर रोल में परफेक्ट अभिनेता परेश रावल



**बॉलीवुड** के दिग्गज अभिनेता परेश रावल का जन्म 30 मई, 1955 को मुंबई में एक गुजराती ब्राह्मण परिवार में हुआ था। परेश के पिता का नाम दालाल रावल था। परेश ने स्कूल की पढ़ाई महाराष्ट्र एसएससी बोर्ड से पूरी की। इसके बाद उन्होंने नरसी मोंजी कॉलेज ऑफ कॉमर्स और इकनोमिक से स्नातक की डिग्री प्राप्त की ।परेश रावल को बचपन से ही अभिनय में रुचि थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें थियेटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया और नाटकों में हिस्सा लेने लगे। इसी दौरान गुजराती फिल्मों के मशहूर निर्देशक निमेष देसाई की नजर उनपर पड़ी। उन्होंने परेश रावल को गुजराती फिल्म नसीब नई बलिहारी में अभिनय करने का मौका दिया। साल 1982 में रिलीज हुई इस फिल्म में परेश देवा नाम के किरदार में नजर आये। इस फिल्म में परेश रावल के अभिनय को दर्शकों ने काफी पसंद किया। साल 1984 में परेश रावल ने केतन मेहता निर्देशित हिंदी फिल्म होली से बॉलीवुड में डेब्यू किया। लेकिन उन्हें पहचान साल 1986 में आई महेश भट्ट निर्देशित फिल्म नाम से मिली। इस फिल्म में परेश रावल ने स्मगलर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अपने शानदार अभिनय से परेश ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। बहुमुखी प्रतिभा के धनी परेश रावल ने फिल्मों में जहां विलेन की भूमिका निभा कर दर्शकों को अपने अभिनय से अचंभित किया। वहीं कॉमेडी फिल्मों में अपने हास्यप्रद अभिनय से दर्शकों को खूब हंसाया। रावल की प्रमुख फिल्मों में किंग अंकल , कब्जा ,राम लखन ,अंदाज अपना अपना ,राजा, हीरो नंबर वन, जुदाई ,मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी, हेरा फेरी,बागबान, हलचल, गरम मसाला , मालामाल वीकली , हंगामा, वेलकम,पा, रेड्डी, संजू,उरीःद सर्जिकल स्ट्राइक, मेड इन चाइना आदि हैं। फिल्मों में अभिनय के अलावा परेश रावल ने तीन बहुरानियां और लागी तुझसे लगन जैसे टीवी धारावाहिकों का निर्माण भी किया। परेश रावल को फिल्मों में उनके सराहनीय योगदान के लिए केंद्र सरकार की तरफ से साल 2014 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया । फिल्मों के अलावा परेश रावल राजनीति में भी सक्रिय हैं। परेश रावल की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने अपनी दोस्त एवं मिस इंडिया का खिताब जीत चुकीं अभिनेत्री स्वरूप सम्पत के साथ लम्बे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 1987 में शादी रचाई। परेश रावल और स्वरूप के दो बच्चे अनिरुद्ध रावल और आदित्य रावल हैं। परेश रावल अब भी फिल्म जगत में सक्रिय है और जल्द ही फिल्म शहजादा और हेरा फेरी 3 में अभिनय करते नजर आएंगे।

# बैलगाड़ी चिंतन की मुद्रा

रामविलास जांगिड़

**यह बहुत राहत की बात है। शवों के हंसने पर सरकार ने 50 प्रतिशत का अनुदान दिया है। 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल से कैमरामैन सूरदत्त के साथ मैं देवी मौनमुखी हंसौली! एक साइकिल सवार दूल्हे के मोबाइल में डीजे बजा- सो गया है आसमां, सो गई है मंजिलें...! गीत सुनकर बैलगाड़ी हंसते हुए नाचने लगी**

शव वाहिनी का तमगा लिए! बड़े से फाइव स्टार हॉस्पिटल के बाहर किंकर्तव्यविमूढ़ सी बैलगाड़ी! अस्पताल में रोते हुए शव प्रवेश ले रहे हैं और हंसते हुए बाहर निकल रहे हैं। अस्पताल से लूटे-पिटे-कटे शव फिर से लुटने पिटने कटने के लिए श्मशान-कब्रिस्तान चले जा रहे हैं। बैलगाड़ी पड़ी है या आराम कर रही है! सोच रही है या वह कुछ विचार में चिंतित खड़ी है। कुल मिलाकर पता नहीं बैलगाड़ी क्या कुछ कर रही है! पर वह विचार मग्न है। वह फिर से चिंतन करने लगी है। मैं क्यों आई? मेरी यात्रा का प्रयोजन क्या है? मेरी जिंदगी का असली लक्ष्य क्या है? मुझे जीवन में किस दिशा में चलना चाहिए? मेरे अपने जीवन का संविधान क्या है? जीवन का अर्थ खोज रही है बैलगाड़ी! मुझे कौनसा बैल जोत कर ले जाएगा? मेरे पहिए कौनसी सड़कों पर गड़गड़ाएंगे? जीवन और मृत्यु का रहस्य क्या है? बैलगाड़ी ने ध्यान समाधि लगा दी है। तभी यह ताजा शव हॉस्पिटल में प्रवेश लेता है। उसके साथ दलाल के भेष में यमराज खड़े हैं। एक कुत्ता बैलगाड़ी के नीचे आकर लंबे-लंबे सांस भरने लगता है। इसके पीछे ऑक्सीजन का सिलेंडर लटका है। बैलगाड़ी की विचार मग्न दशा में कुत्ता भी विचारवान हो गया है। सोच रहा है कुत्ता! जीवन और मृत्यु क्या सच में दो चीजें हैं? जीवन और मृत्यु एक ही बैलगाड़ी के दो चाक हैं। दोनों से ही चलना है। कुत्ता बैलगाड़ी के साथ चिंतन व्रती बना है। जीवन की पूर्ण स्वीकृति में ही मृत्यु की स्वीकृति मिली हुई है। अचानक कुत्ते ने जोरदार भोंकते हुए कहा- जीवन का असली प्रयोजन कुछ नहीं है। कुत्ते की भोंकनाहट में बैलगाड़ी की तंद्रा टूट गई। बैलगाड़ी भी जोर से चिल्लाने लगी- जीवन का कोई प्रयोजन नहीं है! कोई भी आए और मुझे खींच ले जाए। जिधर चाहें, उधर ले जाएं। मुझे भगाए या बैठा दे। मेरा क्या है! घिसटते जाना ही मेरी जिंदगी है। क्यों हाय तौबा मचा रहे हो डीजल-पेट्रोल के लिए? क्यों मारामारी कर रहे हो महंगाई के लिए? तुम सब बैलगाड़ी हो! और बैलगाड़ी की न कोई नियति होती है न कोई जीवन का प्रयोजन! अस्पताल से हंसते हुए शव बाहर सड़क पर धूप सेंक रहे हैं। कुछ शव बीड़ी पी कर कहकहा लगा रहे थे। ऊपर आसमान में कई तरह के गिद्ध मंडरा रहे हैं। उन्होंने शुद्ध सरकारी ढंग से अपने पंख फैला लिए हैं। पंख फैला रहे हैं। और पंख फैलाते रहेंगे। पंख फैलाने का गिद्धों का अपना एक सरकारी प्रयोजन है। हॉस्पिटल की छत पर कौए कांव-कांव करने लगे हैं। कौओं का एक पूरा परिवार अपनी चोंच तीखी करने लगा है। न्यूज चैनल हवा में लहराने लगे हैं। खबरें ऑन एयर तैर रही है। अभी-अभी इस फाइव स्टार हॉस्पिटल से खबर आई है कि अब शव हंसते-हंसते अपनी अंतिम यात्रा कर रहे हैं। यह बहुत राहत की बात है। शवों के हंसने पर सरकार ने 50 प्रतिशत का अनुदान दिया है। 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल से कैमरामैन सूरदत्त के साथ मैं देवी मौनमुखी हंसौली! एक साइकिल सवार दूल्हे के मोबाइल में डीजे बजा- सो गया है आसमां, सो गई है मंजिलें...! गीत सुनकर बैलगाड़ी हंसते हुए नाचने लगी। सभी शवों ने एक जोरदार कहकहा लगाया। जीवन व्यर्थ है; यही जीवन का सच्चा अर्थ है। पेट्रोल-डीजल पीकर बैलगाड़ी चिंतन में दिखाई पड़ रही है।

# रेत-समाधिः बधाई लेकिन... ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**गीताजंलि** श्री के उपन्यास रेत-समाधि के अंग्रेजी अनुवाद टूम्ब ऑफ सेन्ड को बुकर सम्मान मिलने पर हिंदी जगत का गदगद होना स्वाभाविक है। मेरी भी बधाई। मूल अंग्रेजी में लिखे गए कुछ भारतीय उपन्यासों को पहले भी यह सम्मान मिला है। लेकिन किसी भी भारतीय भाषा के उपन्यास को मिलनेवाला यह पहला सम्मान है। लगभग 50 लाख रुपये की यह सम्मान राशि उसकी लेखिका और अनुवादिका डेजी रॉकवेल के बीच आधी-आधी बटेगी। इतनी बड़ी राशिवाला कोई सम्मान भारत में तो नहीं है। इसलिए भी इसका महत्व काफी है। वैसे हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में इतने उत्कृष्ट उपन्यास लिखे जाते रहे हैं कि वे दुनिया की किसी भी भाषा की कृतियों से कम नहीं हैं लेकिन उनका अनुवाद अपनी भाषाओं में ही नहीं होता तो विदेशी भाषाओं में कैसे होगा? भारतीय भाषाओं में कुल मिलाकर जितनी रचनाएं प्रकाशित होती हैं, उतनी दुनिया के किसी भी देश की भाषा में नहीं होतीं। इसीलिए पहले तो भारत में एक राष्ट्रीय अनुवाद अकादमी स्थापित की जानी चाहिए, जिसका काम भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ ग्रंथों का सिर्फ आपसी अनुवाद प्रकाशित करना हो। इस तरह के कुछ उल्लेखनीय अनुवाद-कार्य साहित्य अकादमी, ज्ञानपीठ और कुछ प्रादेशिक संस्थाएं करती जरूर हैं। उस अकादमी का दूसरा बड़ा काम विदेशी भाषाओं की श्रेष्ठ कृतियों को भारतीय भाषाओं में और भारतीय भाषाओं की रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद करना हो। यह कार्य भारत की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ बनाने में सहायक तो होगा ही, विश्व भर की संस्कृतियों से भारत का परिचय बढ़ाने में भी यह अपनी भूमिका अदा करेगा। अभी तो हम सिर्फ अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद पर सीमित हैं, जो कि गलत नहीं है लेकिन यह हमारी गुलाम मनोवृत्ति का प्रतिफल है। आज भी हम भारतीयों को पता ही नहीं है कि रूस, चीन, फ्रांस, जापान, ईरान, अरब देशों और लातीनी अमेरिका में साहित्यिक और बौद्धिक क्षेत्रों में कौन-कौन से नए आयाम खुल रहे हैं।

## आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कार्तिक को फटकार

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को कोलकाता में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रेस विज्ञप्ति में हालांकि यह जिक्र नहीं है कि असल में उन्होंने क्या अपराध किया। विज्ञप्ति में कहा गया, 'कार्तिक ने आईपीएल आचार संहिता के नियम 2.3 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध और सजा स्वीकार कर ली है।आचार संहिता के तहत लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और बाध्य होता है।' बेंगलोर ने बुधवार को एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 14 रन से हराया।



## इंडियन ऑयल ने प्रज्ञानानंद से करार किया

**चेन्नई।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से इंडियन ऑयल ने करार किया है जिसके तहत सार्वजनिक क्षेत्र का यह उपक्रम इस शतरंज खिलाड़ी का समर्थन करेगा। इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने हाल ही में आयोजित एक समारोह में प्रज्ञानानंदा को कार्यकाल-आधारित करार सौपा। इस मौके पर उन्होंने इस खिलाड़ी के प्रयासों की सराहना की और भविष्य के लिए जरूरी समर्थन देने का आश्वासन दिया। वैद्य ने विज्ञप्ति में कहा, '' इंडियन ऑयल परिवार को ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद जैसी प्रतिभा पर गर्व है, जो शतरंज और अन्य खेलों के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने की इच्छा रखने वाले अधिकांश बच्चों के लिए एक आदर्श हैं।''



## भारतीय खिलाड़ी का बड़ा बयान, बाबर आजम सभी फॉर्मेट में नंबर वन बनने वाले पहले बल्लेबाज बन सकते हैं

**दुबई।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि बाबर आजम जल्द ही सभी प्रारूपों में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं और पाकिस्तान के कप्तान को अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव का फायदा मिल रहा है। तीनों प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाबर अभी टी20 और वनडे अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक बल्लेबाज हैं और कार्तिक को भरोसा है कि बाबर खेल के इतिहास में तीनों प्रारूप में शीर्ष पर काबिज होने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं।

कार्तिक ने कहा कि शत प्रतिशत हो सकता है (वह तीनों प्रारूप में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने में सक्षम है)। वह (बाबर) स्तरीय खिलाड़ी है जो अपनी बल्लेबाजी के शीर्ष पर है और उसे आने वाले समय में कुछ टेस्ट मैच खेलने हैं। उसने खेल के तीनों प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है और अलग अलग बल्लेबाजी क्रम में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा है। मुझे लगता है कि उसमें क्षमता है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक का मानना है कि बाबर ने हाल में अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव किया है जिसका दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि जब मैं उसे बल्लेबाजी करते हुए देखता हूं तो दो चीजें मेरे दिमाग में आती है, संतुलन और वह जब गेंद को खेलता है तो वह जब बल्ले से टकराती है तो वह बिंदू। वह फ्रंट फुट पर खेले या बैक फुट पर, उसकी गेंद को स्ट्राइक करने की क्षमता शानदार है। वह गेंद को ऐसी जगह मारता है जहां सबसे ताकतवर शॉट लगता है और यह उसे विशेष खिलाड़ी बनाता है। खेल के सबसे लंबे प्रारूप में बाबर दुनिया के पांचवें नंबर के बल्लेबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ समय में आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन के अलावा 'फैब फोर' में शामिल भारत के विराट कोहली, इंग्लैंड के जो रूट, आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का दबदबा रहा है। कार्तिक ने कहा कि हम काफी मजबूत 'फैब फोर' की बात कर रह हैं और बेशक वे अधिक समय से खेल रहे हैं लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि बाबर में इसे 'फैब फाइव' बनाने की क्षमता है।

# हॉकी : एशियाई खेलों के स्थगित होने पर बोली भारतीय कप्तान, सुधार करने का अधिक समय मिलेगा

**बेंगलुरू ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता को एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है क्योंकि हांगझोउ में होने वाले इन महाद्वीपीय खेलों के स्थगित होने से टीम को ट्रेनिंग और सुधार करने का अधिक समय मिलेगा जैसा टोक्यो ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने के दौरान हुआ था। ओलंपिक खेल 2020 को कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित किया गया था और इनका आयोजन 2021 में हुआ था।

भारतीय टीम को अब दोबारा इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि एशियाई खेलों को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सविता ने हॉकी इंडिया के पोडकास्ट 'हॉकी ते चर्चा' पर कहा, 'हम इन खेलों के स्थगित होने से एक बार फिर इस तरह निपटेंगे कि हम इसे एशियाई खेलों के लिए ट्रेनिंग और बेहतर तैयार होने के मौके के रूप में लेंगे।'

उन्होंने कहा, 'ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने से हमें सुधार करने का काफी समय मिला था और निजी तौर पर मैं यानेक शॉपमैन के साथ काम करूंगी जिन्होंने गोलकीपर के रूप में मेरे अंदर आए सुधार में अहम भूमिका निभाई है।' हाल के समय



की सबसे सफल गोलकीपर में शामिल सविता जुलाई में होने वाले एफआईएच विश्व कप से पहले यूरोप में एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में भारतीय टीम की अगुआई करेंगी।

सविता ने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने से सभी का हमारे प्रदर्शन पर ध्यान गया है। पहले सिर्फ पुरुष टीम से उम्मीदें होती थी लेकिन अब लोग महिला टीम से भी उम्मीद करते हैं कि अगर हम किसी टूर्नामेंट में हिस्सा लें तो शीर्ष तीन में जगह बनाएं और यह खेल के लिए अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'किसी ने उम्मीद नहीं की थी कि हम ओलंपिक खेलों में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ पाएंगे। हमारे कई समर्थकों ने शुरुआत में सोचा था कि हम क्वार्टर फाइनल तक ही पहुंच पाएंगे लेकिन मुझे नहीं लगता कि किसी ने सोचा था कि हम क्वार्टर फाइनल जीत जाएंगे।'

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरू केंद्र में टीम की प्रो लीग और विश्व कप के लिए तैयारी के संदर्भ में सविता ने कहा कि टीम को शीर्ष चार में जगह बनाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'महिला विश्व कप और यूरोप में प्रो लीग मुकाबलों से पहले काफी रोमांच है। पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे लेकिन इस बार हम शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'

## सहवाग बोले- अगर पंत ऐसा करता है तो उसका नाम इतिहास की किताब में दर्ज हो जाएगा

**मुंबई ।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने दावा किया कि अगर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में 100 मैच पूरे करते हैं, तो उनका नाम इतिहास की किताब में हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगा। पंत टी20 क्रिकेट में अपने कारनामों के कारण सुर्खियों में आए। लेकिन हाल ही में वह टेस्ट क्रिकेट में एक ताकत बन गए है जिसने 30 मैचों में 40.85 की औसत से 1920 रन बनाए, जिसमें चार शतक और नौ अर्धशतक शामिल हैं।

मार्च में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की घरेलू श्रृंखला में भारत के गुलाबी गेंद के आखिरी टेस्ट मैच में 24 वर्षीय पंत ने 120.12 की स्ट्राइक रेट से 185 रन बनाए जिसमें 28 गेंदों में अर्धशतक शामिल है, जो दूसरे दिन एक भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज है। बेंगलुरू में सहवाग ने कहा, अगर वह 100 से अधिक टेस्ट खेलता है, तो उसका



नाम हमेशा के लिए इतिहास की किताब में दर्ज हो जाएगा। केवल 11 भारतीय क्रिकेटरों ने यह उपलब्धि हासिल की है और हर कोई उन 11 नामों को याद कर सकता है।

सहवाग खुद टेस्ट क्रिकेट में सबसे विनाशकारी खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने 82.23 के आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 49.34 के औसत से 8586 रन बनाए। एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 35.05 की औसत और 104.33 के स्ट्राइक रेट के साथ 8273 रन बनाए हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं थी कि सहवाग को अब भी लगता है कि टी20 प्रारूप अधिक लोकप्रिय और आकर्षक होने के बावजूद टेस्ट क्रिकेट भविष्य में खेल का अंतिम प्रारूप बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरी विनम्र राय में टेस्ट क्रिकेट अंतिम क्रिकेट है। विराट कोहली टेस्ट खेलने पर इतना जोर क्यों देते हैं? वह जानते हैं कि अगर वह 100-150 या 200 टेस्ट भी खेलते हैं तो वह रिकॉर्ड बुक में अमर हो जाएंगे।

सहवाग को पहली गेंद पर बाउंड्री मारने के उनके विचार के लिए भी याद किया जाता है जो उन्होंने 2011 विश्व कप के विजयी अभियान के दौरान पांच बार किया था।

इसके बारे में पूछे जाने पर सहवाग ने टिप्पणी की, (सचिन) तेंदुलकर सहित कई लोगों ने मुझसे कहा कि मैंने पहली गेंद को बाउंड्री पर मारने की योजना बनाई है। लेकिन मैंने कभी ऐसा नहीं किया। मैं पहली गेंद को हिट करने के लिए तैयार रहूंगा।

## इस बल्लेबाज ने 19 गेंदों पर ठोक दिए 96 रन, बाल-बाल बचा गेल और युवराज का रिकॉर्ड

**पेरिस।** इंग्लैंड में टी20 लीग ब्लास्ट 2022 के सीजन की शुरूआत हो चुकी है। इस टी20 लीग के शुरूआती मैच में ही आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने शतक लगाकर चर्चा बटोर रहे हैं। स्टर्लिंग ने 51 गेंदों पर 119 रन की शतकीय पारी खेली जिसमें उन्होंने 9 चौके और 10 छक्के लगा दिया। इस मैच में स्टर्लिंग ने मात्र 46 गेंदों पर ही शतक पूरा कर लिया।



**टी20 ब्लास्ट के डेब्यू सीजन में लगाया शतक**

आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग पहली बार टी20 ब्लास्ट में खेल रहे हैं। वॉरविकशायर के लिए ओपनिंग करने आए बारिश से बाधित मैच में शतक लगा दिया। स्टर्लिंग का यह टी20 फॉर्मेट में तीसरा शतक हैं। उनके इस शतक के बदौलत ही वॉरविकशायर की टीम 16 ओवरों में 207 रन बनाने में कामयाब हो पाई।

**6 छक्के लगाने से चूके-** इस मैच में पॉल स्टर्लिंग के पास अच्छा मौका था कि वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो जाएं। जिन्होंने टी20 क्रिकेट में एक ओवर में 6 छक्के लगाएं हैं। पर वह यह रिकॉर्ड अपने नाम करने से चूक गए। स्टर्लिंग ने नॉर्थम्पटनशायर के गेंदबाज जेम्स सेल्स के एक में लगातार 5 छक्के लगा दिए। आखिरी गेंद पर स्टर्लिंग छक्का लगाने से चूक गए और गेंद चौके के लिए चली गई। इस ओवर में स्टर्लिंग ने 34 रन बटोरे।

## फर्नांडो का कहर, श्रीलंका ने बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदा

**ढाका।** तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो (6/51) की घातक गेंदबाजी से श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को 10 विकेट से रौंदकर सीरीज 1-0 से जीत ली।

फर्नांडो ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए दूसरी पारी में 51 रन पर छह विकेट लिए। उन्होंने मैच में 144 रन देकर कुल 10 विकेट हासिल किए और श्रीलंका की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुबह के सत्र में लिटन दास और शाकिब अल हसन ने 97 रन की साझेदारी कर बांग्लादेश को पारी की हार से बचाया लेकिन टीम की हार नहीं टाल सके।

फर्नांडो ने अपनी गेंद पर शानदार रिटर्न कैच लेकर लिटन की पारी का अंत किया। लिटन ने 52 रन बनाए। शाकिब 72 गेंदों



में 58 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। बांग्लादेश ने आखिरी तीन विकेट स्कोर में कोई इजाफा किए बिना गंवा दिए। बांग्लादेश की दूसरी पारी 169 रन पर सिमट गई और श्रीलंका को जीत के लिए मात्र 29 रन का लक्ष्य मिला जो उसने तीन ओवर में बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया।

## राहुल तेवतिया ने खोला गुजरात टाइटंस की सफलता राज

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने 14 मैचों में 10 जीत के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल कर सभी को चौंका दिया। मेगा नीलामी के बाद किसी ने भी उनकी गिनती नहीं की, लेकिन उन्होंने आलोचकों को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया और अपने पहले सीजन में ही आईपीएल के फाइनल में पहुंच गई है। गुजरात के रोमांचक ऑलराउंडर राहुल तेवतिया ने टूर्नामेंट में गुजरात के अब तक के सफर के बारे में ताजा इंटरव्यू में बात की। उन्होंने पूरे टीम प्रयास की ओर इशारा किया जिससे उन्हें इस तरह के शानदार सीजन में मदद मिली।

तेवतिया ने एक इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है बल्कि पूरी टीम प्रदर्शन करती है और यही हमें अलग बनाती है। टीम का माहौल बहुत ही शांत और ठंडा है और इसी ने हमें इस तरह का प्रदर्शन करने में मदद की है।तेवतिया ने मिलर के योगदान की भी प्रशंसा की क्योंकि बल्लेबाज का आईपीएल करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र है। उन्होंने कहा, डेविड मिलर दिखा रहा है कि वह अब क्या कर सकता है कि उसे एक मंच दिया गया है। पहले उन्हें कोई मौका नहीं दिया गया था। तेवतिया ने कहा कि टीम इंडिया के रंग में रंगने का उनका सपना अभी भी जारी है।

## ब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार लिव मॉर्गनने ब्लैक बिकिनी पहनकर लिया पैडलबोर्डिंग का मजा, फैंस बोले- वाह

**लंदन।** डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार लिव मॉर्गन इन दिनों नदी में अपने दोस्तों के साथ पैडल बोर्डिंग का लुत्फ उठा रही हैं। ब्लैक बिकिनी पहने लिव मोर्गन ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर की हैं जिन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। एक फैंस ने लिखा- वाह! मैं तुमसे प्यार करता हूं। सुन्दर है। एक अन्य ने टिप्पणी की- लिव इज माई ड्रीम बॉडी! जबकि एक साथी प्रशंसक ने कहा- आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं।

बता दें कि मॉर्गन जिनका असली नाम जिओना डैडियो हैं ने 2014 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में एंट्री की थी। डब्ल्यूडब्ल्यूई में सक्रिय रहते लिव हमेशा चर्चा में रही हैं। अब उन्होंने स्क्रीन से दूर अपने दोस्तों के साथ किश्ती पर कुछ मनोरंजन किया है। वह पानी के बहाव के साथ मजे लेती हुई दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज और वीडियो शेयर की हैं। बता दें कि डब्ल्यूडब्ल्यूई में लाना और लिव मॉर्गन के बीच गहरी दोस्ती रही है। हालांकि रिंग में उनकी कहानी कड़वा रिश्ता साझा करती है लेकिन वास्तविक जीवन में इनकी जोड़ी काफी मजबूत है। वह सोशल मीडिया पर एक दूसरे के साथ परिचित होती रहती हैं। बीते दिनों बीच पर फन करते हुए



दोनों ने बिकिनी में फोटोज पोस्ट की थी जिसे खूब पसंद किया गया था।

## शाकिब का बड़ा बयान, बांग्लादेश टेस्ट टीम मानसिक तौर पर कमजोर है

**ढाका।** बांग्लादेश ने टेस्ट मैच की चौथी शाम को खुद को चार विकेट के नुकसान पर 23 रन पर पाया और यह पहली सुबह बनाए गए 24 पर पांच से अलग नहीं था। फलस्वरूप शाकिब अल हसन ने कहा, 'हमें अपनी मानसिकता में सुधार लाना ही होगा। मुझे लगता है हम असफलता से डरने लगे हैं।' तमीम इकबाल ने अपने लंबी टेस्ट करियर में पहली बार 'पेअर' अर्थात दोनों पारियों में शून्य बनाए और टेस्ट इतिहास में केवल नौवीं बार ऐसा घटा कि किसी टीम के शीर्ष के दो बल्लेबाज़ों ने एक टेस्ट में तीन डक बनाए।

बांग्लादेश ने इस टेस्ट में अब तक आठ डक बनाए हैं जो उनके लिए टेस्ट इतिहास में दूसरी बार हुआ है। शीर्ष चार बल्लेबाजों ने मैच में कुल 34 रन बनाए हैं जो टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम योग के मामले में उनके लिए दूसरा सबसे कम है। शाकिब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमारी टीम की फिटनेस बहुत अच्छी है। हम काफी समय



मैदान पर बिताने के आदी हैं। हमने इस सीरीज में 400 (408) ओवरों की फील्डिंग की है। लिटन ने 400 ओवर कीपिंग की और 141 रन बनाए। मुश्फिकि भाई ने (पहली पारी में) 175 रन बनाए। हम शारीरिक रूप से मजबूत हैं लेकिन मानसिक तौर पर नहीं।

उन्होंने कहा कि हमने दबाव अच्छे से नहीं संभाला है। हम दूसरी पारी में खराब खेल रहे हैं। हमारे पास आज इसे बदलने का मौक़ा था लेकिन हमने इसे गंवाया है।' शाकिब ने कहा कि नजमुल हुसैन शांतो के रन आउट से साफ जाहिर हो गया था कि बल्लेबाज शांत मन से नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'एक टेस्ट में ऐसी स्थिति में रन आउट बहुत खतरनाक होता है। इन परिस्थितियों में ठंडे दिमाग से काम लेना पड़ता है। ऐसे में तनाव होगा और भय भी लेकिन टेस्ट क्रिकेट का यही तो मजा है। हम सबने ऐसे मौक़े देखे हैं। बहुत जरूरी है कि आप याद रखें कि आपको ऐसे में सफलता कैसे प्राप्त हुई है।'

टेस्ट का चौथा दिन शाकिब के लिए यादगार था और अपने 19वीं पारी में पांच विकेट लेने पर वह बोले, 'मैं वैसे अपनी गेंदबाजी पर हमेशा विश्वास करता हूं। शायद मैंने अपना आत्म विश्वास सिर्फ एक या दो बार खोया है। इतने दिन खेलने के बाद आपको 10 या 15 दिन के कैंप नहीं बल्कि तीन या चार सत्र लगते हैं लय पाने में।' मोमिनुल हक दूसरी पारी में टेस्ट में लगातार सातवीं बार 10 के स्कोर के नीचे आउट हो गए।

2019 में कप्तान नियुक्त होने से पहले 41.47 के औसत रखने वाले मोमिनुल का इस साल का औसत केवल 16.20 का है। बतौर कप्तान भी यह औसत 31.44 का ही है लेकिन शाकिब ने अपने कप्तान के समर्थन में कहा, 'यह उनके लिए एक कठिन घड़ी है लेकिन उनका समर्थन करना जरूरी है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट में मौजूदा समय में मोमिनुल से बेहतर विकल्प नहीं है और उनका फॉर्म में लौटना महज एक अच्छी पारी की बात है।'

## ऋद्धिमान साहा बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए तैयार नहीं हैं : सीएबी

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के साथ अनबन के बाद ऋद्धिमान साहा बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते नहीं दिखेंगे। अगर ये मुद्दे बने रहते हैं तो 37 वर्षीय क्रिकेटर ने अपने घरेलू करियर को किसी दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है। यह सब फरवरी में शुरू हुआ था जब सीएबी के संयुक्त सचिव देबारत्ता दास ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी मैचों में नहीं खेलने के लिए साहा के पास ढेरों बहाने हैं। साहा की पत्नी रोमी ने कहा कि वह इस बयान से आहत हुए हैं और कैब के सचिव अविषेक डालमिया ने उनसे संपर्क करके कहा है कि दास का यह बयान निजी है और बोर्ड अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों के बारे में ऐसा नहीं सोचता है। फिर भी यह देखते हुए कि उनका नाम सार्वजनिक तरीके से घसीटा गया, साहा चाहते थे कि इस मुद्दे को फिर से बंगाल के लिए खेलने से पहले सुलझाया जाए। डालमिया मान गए और दोनों ने फैसला किया कि वे आईपीएल की समाप्ति के बाद इस पर विचार करेंगे।

तब 16 मई को नॉकआउट के लिए बंगाल की टीम की घोषणा होती है और साहा इसमें अपना नाम देखकर चौंक जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार पता चला है कि उन्होंने डालमिया के साथ इस सप्ताह एक और बातचीत की है जहां उन्होंने दास की टिप्पणियों के बारे में अपना रुख दोहराया और कहा है कि अगर यह केस सुलझाया नहीं जाता है तो वह सीएबी से एनओसी मांगेंगे। अब इन सब का असर यह हुआ है कि साहा छह जून से झारखंड के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल में बंगाल टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

# विदेश संदेश

## दक्षिण पेरु में लगा 7.2 की तीव्रता का भूकंप का झटका, डरकर सड़कों पर आए लोग

**लीमाः** दक्षिण पेरु के सुदूर क्षेत्र में 7.2 तीव्रता वाले भूकंप का शक्तिशाली झटका आया जिसके बाद पड़ोसी बोलीविया में लोग डरकर सड़कों पर उतर आए। हालांकि जानमाल के नुकसान की



फिलहाल कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 7:02 बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार दोपहर 12:02 बजे) आए भूकंप का केंद्र अजनगारो से पश्चिम-उत्तर पश्चिम में 13 किलोमीटर दूर था। लेकिन यह जमीन से 218 किलोमीटर की अत्यधिक गहराई में था।

भूकंप से पड़ोसी बोलीविया की राजधानी ला पाज में और पेरु के शहरों आरेक्विपा, टाक्ना और कस्को के साथ ही उत्तरी चिली के कुछ शहरों में कुछ इमारतें हिल गईं। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों और रेडियो केंद्रों ने जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं दी है।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली ने ईवीएम के उपयोग पर रोक लगाने के लिए विधेयक किया पारित

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान नेशनल असेंबली ने एक विधेयक पारित कर दिया जो देश में आई-वोटिंग के जरिए मतदान का अधिकार और ईवीएम के उपयोग के लिए पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार द्वारा किए गए चुनाव सुधारों को निष्प्रभावी कर देगा। संसदीय



कार्य मंत्री मुर्तजा जावेद अब्बासी ने निर्वाचन (संशोधन) विधेयक 2022 पेश किया जिसे निचले सदन ने बहुमत से पारित कर दिया। केवल ग्रांड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के सदस्यों ने इसका विरोध किया। अब्बासी ने विधेयक को पेश करने से पहले इसे संबंधित स्थायी समिति में नहीं भेजकर सीधे सीनेट की मंजूरी के लिए प्रस्ताव रेखा। विधेयक को सीनेट भेजा जा सकता है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेता और मंत्री आजम नजीर तरार ने बताया कि किस तरह पूर्ववर्ती पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार ने निर्वाचन अधिनियम, 2017 में कई संशोधन किये थे और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों) के उपयोग की तथा प्रवासी पाकिस्तानियों को आम चुनावों में मताधिकार की अनुमति दी थी।

## अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए 'सबसे गंभीर दीर्घकालिक खतरा' है चीनः ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के विरोध में अमेरिका ने पूरी दुनिया को एकजुट कर दिया है लेकिन चीन, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए दीर्घकालिक और सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है। चीन पर अमेरिका की विदेश नीति के मुद्दे पर दिए गए भाषण में ब्लिंकन ने कहा कि चीन अकेला ऐसा देश है जिसका इरादा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बदलना है और इसके लिए वह आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और तकनीकी शक्ति भी बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि



''बीजिंग का दृष्टिकोण हमें उन सार्वभौमिक मूल्यों से दूर ले जाएगा जिनके बल पर दुनिया ने पिछले 75 साल में तरक्की की है।'' ब्लिंकन ने कहा, ''(रूस के) राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन का युद्ध जारी है फिर भी हमारा ध्यान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए दीर्घकालिक और सबसे गंभीर खतरे पर केंद्रित है जो कि चीन द्वारा उत्पन्न है।''

# ट्रंप की अपील खारिज, न्यूयॉर्क दीवानी जांच में देनी होगी गवाही

**न्यूयॉर्कः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यूयॉर्क राज्य की दीवानी जांच में अपने व्यवसायिक व्यवहार के बारे में शपथ के तहत सवालों का जवाब देना ही होगा। राज्य की एक अपीली अदालत ने यह फैसला दिया।

राज्य की निचली अदालत के अपीलीय खंड में चार-न्यायाधीशों की पीठ ने मैनहट्टन के न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन के 17 फरवरी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ट्रंप और उनके दो सबसे बड़े बच्चों के लिए अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स की जांच में गवाही देने के लिए समन जारी किया गया था। ट्रंप ने आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए अपील की थी। उनके वकीलों ने तर्क दिया कि ट्रंप को गवाही देने का आदेश देना उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है क्योंकि उनके जवाब समानांतर आपराधिक जांच में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। चार न्यायाधीशों की पीठ ने आत्म-अभियोग के खिलाफ पांचवें



संशोधन का हवाला देते हुए लिखा, 'एक आपराधिक जांच संबंधित तथ्यों के दीवानी उद्भेदन को रोकती नहीं है, जिस पर एक पक्ष आत्म-अभियोग के खिलाफ विशेषाधिकार का प्रयोग कर सकता है।'

ट्रंप इस फैसले के खिलाफ राज्य की सबसे बड़ी अदालत 'कोर्ट ऑफ अपील' में याचिका दायर कर सकते हैं। एक डेमोक्रेट जेम्स ने कहा है कि उनकी जांच से सबूत सामने आए हैं कि ट्रंप की कंपनी, ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन, ने ऋण और कर लाभ प्राप्त करने के लिए गोल्फ कोर्स और गगनचुंबी इमारतों जैसी संपत्तियों के 'फर्जी या भ्रामक' मूल्यांकन का इस्तेमाल किया। फैसले का मतलब ट्रंप के लिए एक कठिन निर्णय हो सकता है कि क्या उन्हें सवालों का जवाब देना है, या आत्म अभियोग के खिलाफ पांचवें संशोधन का हवाला देते हुए चुप रहना है। दीवानी बयान में ट्रंप जो कुछ भी कहते हैं, उसका इस्तेमाल उनके खिलाफ मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा की जा रही आपराधिक जांच में किया जा सकता है।

## आजादी मार्चः इमरान खान, अन्य नेताओं के खिलाफ पार्टी समर्थकों द्वारा आगजनी को लेकर मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ पुलिस ने आगजनी और तोड़फोड़ के दो अलग-अलग मामलों में वाद दर्ज किये। इन आरोपों को इस्लामाबाद में 'आजादी' रैली के दौरान पीटीआई समर्थकों द्वारा कई जगहों पर आग लगाये जाने की घटनाओं से जोड़ा गया है।

पहले मामले में जिन्ना एवेन्यू पर आगजनी और तोड़फोड़ को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि शहर के एक्सप्रेस चौक इलाके में आगजनी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों प्राथमिकी पुलिस अधिकारियों की शिकायत पर दर्ज की गई, लेकिन दूसरे मामले में स्पष्ट रूप से इमरान खान और पीटीआई के वरिष्ठ नेताओं असद उमर, इमरान इस्माइल, राजा खुर्रम नवाज, अली अमीन गंडापुर और अली नवाज अवान के नाम



शामिल हैं। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन यदि खान ने घोषणा के अनुसार छह दिन बाद दूसरा विरोध प्रदर्शन शुरू किया तो सरकार कुछ नेताओं को पकड़ने के लिए इन मामलों का इस्तेमाल कर सकती है। इससे पहले दिन में, खान ने चेतावनी दी कि यदि ''आयातित सरकार'' ने छह दिनों की समय सीमा के भीतर नये आम चुनावों की घोषणा नहीं की तो वह ''पूरे देश के साथ'' पाकिस्तान की राजधानी लौटेंगे। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी धमकी का कोई असर नहीं होगा और चुनाव की तारीख संसद तय करेगी।

## रूसी सेना यूक्रेन की बड़ी सैन्य इकाई को किया नष्ट, पुतिन ने दिए रूसी नागरिकता लागू करने के आदेश

**कीव।** रूसी सेना ने दावा किया है कि उसने यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में एक रेलवे स्टेशन पर हमला कर बड़ी सैन्य इकाई और उपकरणों को नष्ट कर दिया है। उधर रूस के राष्ट्रपति ने दक्षिणी यूक्रेन के कुछ हिस्सों में निवासियों के लिए रूसी नागरिकता को तेजी से अमल में लाने के आदेश जारी किए।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह आदेश तब दिए जब मॉस्को में सांसदों ने रूस की सेना को मजबूत करने के लिए एक विधेयक पेश किया। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने कहा, रूसी विमानों ने पोक्रोवस्क रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में यूक्रेनी बलों की मदद के लिए पहुंची एक लड़ाकू ब्रिगेड के वहां उतरते वक्त की गई। उनका दावा है कि निप्रोव्स्के में यूक्रेनी इलेक्ट्रॉनिक खुफिया केंद्र को नष्ट करने के दौरान 11 यूक्रेनी सैनिक व उनकी मदद कर रहे 15 विदेशी



विशेषज्ञ मारे गए।

**24 घंटों में 48 यूक्रेनी सैन्य ठिकानों पर हमला**

रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने कहा कि रूस की वायुसेना ने पिछले 24 घंटे में यूक्रेन के 48 सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रूसी तोपखाने ने 500 यूक्रेनी ठिकानों को निशाना बनाया।

## संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत भारतीय सैनिकों ने कांगो में आतंकवादियों के हमले को किया नाकाम



**कांगो।** संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में तैनात कुछ अन्य देशों के जवानों के साथ भारतीय सेना के जवानों ने मध्य अफ्रीकी देश में एक आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया। दरअसल, 22 मई को अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना के भारतीय जवानों पर हमला कर दिया था। जिसके बाद भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों के हमले को नाकाम कर दिया।

भारतीय सेना के सैनिकों को कांगो देश में MONUSCO (कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन) के हिस्से के रूप में तैनात किया गया है। भारतीय सेना के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 22 मई को कांगों में आतंकियों ने FARDC (कांगोली सेना) और MONUSCO सैनिकों पर अकारण गोलियां चलाईं और हमला किया। इसके बाद भारतीय सेना और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में अन्य राष्ट्रों के सैनिकों ने हमलावरों की कार्रवाई को नाकाम कर दिया।

## रिपोर्ट सामने आने के बाद बोरिस जॉनसन पर बढ़ा दबाव, उनकी ही पार्टी के दो सांसदों ने की इस्तीफे की मांग

**लंदन।** ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के दो और सांसदों ने पार्टी के नेता बोरिस जॉनसन से ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की। पार्टीगेट मामले में आई जांच रिपोर्ट में कई शीर्ष अधिकारियों सहित बोरिस जॉनसन को कार्यालय में नियमों के उल्लंघन की 'संस्कृति' का दोषी ठहराया गया है।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सू ग्रे ने ये रिपोर्ट तैयार की है। जारी हुई इस रिपोर्ट को लेकर बोरिस जॉनसन ने संसद में माफी मांगी और कहा कि वे सबकी जिम्मेदारी लेते हैं। वे डाउनिंग स्ट्रीट और कैबिनेट कार्यालय में कोरोना लॉकडाउन कानून तोड़ने वाली पार्टियों से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं, दूसरी तरफ इस रिपोर्ट के आने के बाद न केवल ब्रिटेन में विपक्ष को एक और मौका मिल गया है, बल्कि बोरिस जॉनसन की खुद की पार्टी के भीतर उनके इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। टोरी के सांसद जॉन बैरन और




डेविड सिममंड्स ने बैकबेंच सहयोगी जूलियन स्टर्डी के साथ बोरिस जॉनसन के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि यह नए नेतृत्व का समय है। वहीं, दूसरी तरफ कुछ मंत्री अपने नेता का बचाव भी कर रहे हैं। यहां तक कि गुरुवार को संसद में यूके के चांसलर ऋषि सनक की GBP 15 बिलियन कॉस्ट ऑफ लिविंग क्राइसिस सपोर्ट पैकेज की घोषणा को भी पार्टीगेट मामले से ध्यान हटाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

संसद में विपक्षी लेबर पार्टी की भारतीय मूल की लिसा नंदी ने यूके की पीएम पर पार्टीगेट के लिए जूनियर स्टाफ को 'जिम्मेदारी सौंपने' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का अफ़सोस नहीं है कि उन्होंने ऐसा किया, उन्हें खेद है कि वह पकड़े गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह 'विनयपूर्ण' थे और उन्होंने 'एक सबक सीखा' था लेकिन अब यह 'आगे बढ़ने' और सरकार की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने का समय है।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सू ग्रे की यह बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट में कहा गया, ऐसी संस्कृति के लिए 'वरिष्ठ नेतृत्वकारी दल को जिम्मेदारी लेनी चाहिए, जिसने कार्यक्रमों को होने दिया, जिनका आयोजन नहीं होना चाहिए था। गौरतलब है कि इन सभी पर कोरोना वायरस की रोकथाम के मद्देनजर लागू लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन कर सरकारी कार्यालयों में पार्टी करने का आरोप है। इस मामले को पार्टीगेट करार दिया गया है।

# लापता होने के 6 घंटे बाद मुस्टांग में मिला नेपाली विमान का मलबा

**काठमांडू/नई दिल्ली।** छह घंटे से लापता नेपाली तारा एयर के विमान 9 एनएईटी का मलबा शाम 04 बजे मिल गया है। रविवार को सुबह आसमान में लापता हुआ तारा एयर का जुड़वां इंजन वाला विमान मनापति हिमालय के भूस्खलन के चलते लामचे नदी के मुहाने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस यात्री विमान में 13 नेपाली, चार भारतीय, दो जर्मन और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे। लगभग 06 घंटे बाद विमान का मलबा मिलने की पुष्टि त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के प्रमुख ने की है। सेना के प्रवक्ता नारायण सिलवाल के मुताबिक स्थानीय मुस्टांग क्षेत्र के निवासियों ने धमाके की आवाज सुनी और नेपाल सेना को जानकारी दी। इसके बाद नेपाली सेना के एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर को मुस्टांग के लिए रवाना किया गया, जहां लापता तारा एयर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका थी। खोजबीन के बाद तारा एयर का विमान मनापति हिमाल के भूस्खलन के चलते लामचे नदी के मुहाने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उन्होंने बताया कि नेपाली सेना जमीनी और हवाई मार्ग से दुर्घटना स्थल की ओर बढ़ रही है।

इससे पहले जोमसोम एयरपोर्ट के ट्रैफिक कंट्रोलर ने भी एक तेज धमाके के बाद विमान का संपर्क टूटने की पुष्टि की थी। इसीलिए धमाके वाले इलाके में तलाशी अभियान तेज किया गया था। कंट्रोल रूम का इसी जगह विमान से आखिरी बार संपर्क हुआ था। खोजबीन के दौरान शाम 04 बजे यहीं पर विमान का मलबा मिल गया है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार तारा एयर के इस विमान ने सुबह 9 बजकर 55 मिनट पर पोखरा से उड़ान भरी थी जिसे 10 बजकर 20 मिनट पर जोमसोम में लैंड करना था लेकिन 10.07 बजे से ट्विन इंजन वाले इस विमान से संपर्क नहीं हो पाया। विमान का मलबा मिल जाने के बाद अब आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस यात्री विमान में 13 नेपाली, चार भारतीय, दो जर्मन और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

तारा एयर के मुताबिक, विमान में सवार चार भारतीयों में कुमार त्रिपाठी, धनुष त्रिपाठी, रितिका त्रिपाठी और वैभवी बांदेकर हैं। इसके अलावा यात्रियों में इंद्र बहादुर गोले, पुरुषोत्तम गोले, राजन कुमार गोले, बसंत लामा, गणेश नारायण श्रेष्ठ, रवीना श्रेष्ठ, रश्मि श्रेष्ठ, रोजिना श्रेष्ठ, प्रकाश सुनुवर, मकर बहादुर तमांग, राममाया तमांग, सुकुमाया तमांग, तुलसी देवी तमांग, अशोक, माइक ग्रीट, उवे विल्नर शामिल हैं। विमान के चालक दल में पायलट कैप्टन प्रभाकर प्रसाद घिमिरे, को-पायलट इतासा पोखरेल और एयर होस्टेस कास्मी थापा हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित
समस्त समाचारों से सम्बंधित
विवादों का न्याय क्षेत्र
कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# तुर्की में पकड़ा गया आईएसआईएस का नया सरगना अबू-अल-हसन, यूएई के रेस्तरां में विस्फोट

**इस्तांबुल।** तुर्की के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस का नया सरगना अबू-अल-हसन अल-कुरैशी इस्तांबुल में एक स्थान पर छिपा पकड़ा गया। आईएसआईएस के पुराने सरगना को अमेरिका ने फरवरी में सीरिया में एक ऑपरेशन के दौरान मार गिराया था। तुर्की की आतंकरोधी पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारियों ने इस व्यक्ति को पकड़ा। सुरक्षा कारणों से उसकी पूरी पहचान उजागर नहीं की गई है। तुर्की की वेबसाइट ओडाटीवी ने सूत्र का हवाला दिए बिना यह प्रकाशित चलाई है।

इसके मुताबिक, खुफिया एजेंसियां इस व्यक्ति पर काफी दिन से नजर रखे थीं। पहचान पुख्ता होने के बाद इसे गिरफ्तार किया गया। इस व्यक्ति की गिरफ्तारी की सूचना राष्ट्रपति को दे दी गई है। अब उनके इसकी आधिकारिक घोषणा करने की संभावना है।

**स्लोवाकिया में अमेरिकी दूत बन सकते हैं भारतवंशी गौतम राणा**

राष्ट्रपति जो बाइडन भारतीय-अमेरिकी गौतम राणा को स्लोवाकिया में देश का राजदूत नियुक्त करने की तैयारी में हैं। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया राणा के



नामांकन पर मुहर के लिए आगे की प्रखिअया शुरू कर दी गई है।

अमेरिकी वरिष्ठ विदेश सेवा में काउंसलर के तौर पर जुड़े राणा फिलहाल अल्जीरिया में अमेरिकी दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन पद पर हैं। इससे पहले राणा ने स्लोवेनिया की राजधानी जबल्याना में भी अहम पद संभाल चुके हैं। व्हाइट हाउस ने राणा का नाम मंजूरी के लिए आगे भेजने के बाइडन के इरादे की घोषणा की है हिंदी, गुजराती व स्पैनिश भाषा के जानकार राणा, नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के मिशन उपप्रमुख हैं और वह अगस्त 2020 से फरवरी 2022 तक वहां अस्थायी राजदूत रह चुके हैं। वह नई दिल्ली के अमेरिकी दूतावास में राजनीतिक मामलों के उप मंत्री सलाहकार भी रह चुके हैं।

**अफगानिस्तान ने किया हवाई अड्डा परिचालन के लिए यूएई से समझौता**

तालिबान ने अफगानिस्तान में हवाई अड्डों के परिचालन के लिए यूएई के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्री ने यूएई, तुर्की और कतर के साथ कई महीनों की बातचीत के बाद यह जानकारी दी। तालिबान के परिवहन और नागरिक उड्डयन उप मंत्री गुलाम जेलानी वफा ने उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की उपस्थिति में अबू धाबी स्थित जीएएसी सॉल्यूशंस को हेरात, काबुल और कंधार में हवाई अड्डों का प्रबंधन करने की अनुमति देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मुल्ला बरादर ने कहा, इस समझौते पर हस्ताक्षर के साथ, सभी विदेशी एयरलाइंस अफगानिस्तान के लिए उड़ान भरना शुरू कर देंगी। उड्डयन मंत्री गुलाम वफा ने कहा यूएई ने तकनीकी सहायता और मुफ्त टर्मिनल मरम्मत में हमारी मदद की है।

**यूएई के रेस्तरां में विस्फोट से एक भारतीय, एक पाकिस्तानी की मौत**

यूएई की राजधानी अबू धाबी में इस सप्ताह की शुरुआत में एक रेस्तरां में गैस सिलेंडर फटने से हुए विस्फोट में एक भारतीय नागरिक और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। इस विस्फोट में 120 लोग घायल भी हुए थे, जिनमें 106 भारतीय नागरिक थे। दैनिक समाचार पत्र खलीज टाइम्स की खबर के मुताबिक, यह विस्फोट सोमवार को दोपहर में अबू धाबी के एक रेस्तरां में हुआ। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने भी इस विस्फोट में एक भारतीय नागरिक की मौत होने की पुष्टि की है। देश के भारतीय मूल के दो वकीलों पर मलयेशियाई मूल के भारतवंशी नागरिक नागेंद्रन के. धर्मलिंगम की इस साल अप्रैल में फांसी की सजा रोकने की कोशिशों के चलते जुर्माना लगाया गया है। इन